सुविचार

जब अकेले हो तो, मन पर काबू रखना सीखो। और जब सबके साथ हो तो, जज्बात पर कंट्रोल करना सीखो।
-अज्ञात

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 7, अंक-52 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 03 फरवरी 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# अपराधियों के संरक्षण में कार्योत्तर विधि से संरक्षण का मौलिक अधिकार क्या है जानिए/Fundamental of Right.....



भारतीय संविधान में अनुच्छेद 20 अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में आरोपी एवं अपराधियों को संरक्षण के मौलिक अधिकार देता है क्योंकि भारत की न्यायपालिका में दण्डादेश सुधारात्मक होते हैं कुछ जघन्य अपराधों को छोड़कर बाकी अपराधों में अपराधी को सुधारने के लिए जेल में डाला जाता है ताकि वहाँ सजा काटने के बाद जब वह बाहर आए तो एक अच्छे नागरिक की तरह जीवन जिए। आज हम जानते है कि संविधान में अपराधियों को प्राप्त कार्योत्तर विधि से संरक्षण का मौलिक अधिकार क्या है जानिए।


## भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 20(1) की परिभाषा-?

किसी व्यक्ति को केवल उस समय की लागू विधि के अनुसार ही दण्ड दिया जाएगा जिस समय उसने अपराध किया था चाहे निर्णय वर्तमान समय में सुनाया जा रहा है और उस विधि में अब संशोधन कर दिया गया हो। इसे हम उधानुसार समझते हैं एक व्यक्ति 1970 में चोरी का अपराध करता है एवं उस समय चोरी के अपराध की सजा मात्र 6 माह थी लेकिन आरोपी का अपराध 1980 में सिद्ध हो पता है तब चोरी के अपराध की सजासंशोधन होकर तीन वर्ष हो गई है तब उस आरोपी को 1970 की विधि के अनुसार ही दण्ड दिया जाएगा न की संशोधित विधि के अनुसार। अर्थात भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20(1) पुराने आरोपी एवं अपराधी को वर्तमान लागू विधि से संरक्षण दिलाता है एवं उनको उक्त मौलिक अधिकार प्रदान करता है।
विशेष नोट- यह मोलिक अधिकार केवल आपराधिक मामलों के आरोपियों को प्राप्त होते हैं,सिविल मामलो के आरोपियों को नहीं।

**■लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

# बजट पर किसने क्या कहा: BJP ने उम्मीदों वाला बजट बताया, विपक्ष बोला- महंगाई-बेरोजगारी की तो इसमें बात ही नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में अपना पांचवां आम बजट पेश किया। इस दौरान कृषि, शिक्षा, गरीबों और नौकरीपेशा लोगों के लिए अहम ऐलान किए गए। 7 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री कर दी गई। भाजपा इसे आम जनता की उम्मीदों का बजट बता रही है, तो विपक्ष ने इसे निराशाजनक बताया है।



## बजट से मजबूत नींव का निर्माण होगा:नरेंद्र मोदी, पीएम

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखेगा। हर वर्ग का सपना पूरा होगा। यह बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसान सहित आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करेगा। परंपरागत रूप से अपने हाथों से देश के लिए मेहनत करने वाले विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। पहली बार विश्वकर्मा के प्रशिक्षण और सहायता से संबंधित योजना बजट में लाई गई है।

## बजट में महिलाओं का सम्मान बढ़ा : स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री




केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं क्करूमोदी का आभार व्यक्त करना चाहती हूं। मैं बजट को बारीकी से नहीं देखूंगी। आज की घोषणाओं के अनुसार मैं मानती हूं कि बजट में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। मैं बच्चों और किशोरों के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा का भी स्वागत करती हूं।

## यह संवेदनहीन बजट है, जिसने लोगों की आशाओं को धोखा दिया- पी चिदंबरम, पूर्व वित्त मंत्री



2023-24 के बजट से पता चलता है कि यह सरकार लोगों और आजीविका के बारे में उनकी चिंताओं से कितनी दूर है। यह एक संवेदनहीन बजट है जिसने अधिकांश लोगों की आशाओं को धोखा दिया है। नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वालों की छोटी संख्या को छोड़कर कोई कर कम नहीं किया गया। 'तर्कहीन जीएसटी दरों में कोई कटौती नहीं की गई है। नई कर व्यवस्था को डिफॉल्ट विकल्प बनाना 'घोर अनुचित, है। यह पुरानी व्यवस्था के तहत सामान्य करदाताओं को मिल रही अल्प सामाजिक सुरक्षा से वंचित करेगा।



## 42% युवा बेरोजगार हैं, लेकिन PM को कोई परवाह नही : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

यह मित्र काल का बजट है। भविष्य के लिए सरकार के पास कोई रोड मैप नहीं है। 50त्न गरीब 64% त्नस्ञ्ज देते हैं। बजट में महंगाई से निपटने और रोजगार देने के लिए कोई योजना नहीं है। 42% युवा बेरोजगार हैं, लेकिन पीएम को कोई परवाह नहीं है।

## यह बजट नहीं, इलेक्शन स्पीच है- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



बजट 2-4 राज्यों के चुनाव को देखते हुए पेश किया गया है। यह बजट नहीं इलेक्शन स्पीच है। उनकी जो भी बातें उन्होंने बाहर कही है वैसे जुमले इस बजट में डालकर इसे दोहराया गया है। बजट में महंगाई और मुद्रा स्फ़ीति में इजाफा है जिसपर ध्यान देना चाहिए था।

# अहिरवार समाज संघ की गरिमा बनाए रखने बाले चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी का 77 वां जन्मदिन मनाया।




भोपाल अहिरवार समाज संघ की गरिमा बनाए रखने बाले चौधरी अमान सिंह नरवरिया से नि टी आई पुलिस संस्थापक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी अहिरवार समाज संघ म प्र जी का जन्म दिवस समारोह 76 वहां 291/2023 को संपन्न हुआ। आज आप का 77 वां वर्ष का प्रारम्भ प्रथम गौधीवेला जिसमे जन्म हुआ था ।

### इस बेला में आज
### संस्थापक जी के निवास पर

प्रदेशाध्यक्ष राजेश अहिरवार जी प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संगीता गोलिया जी अपने साथ जन्मदिन की केक लेकर पधारे और स्थानीय पदाधिकारी भोपाल जिला के उपाध्यक्ष श्री बालकिशन अहिरवार छावनी पठार भोपाल के उपाध्यक्ष हरचंदी नरवरिया जी बरेली जिला रायसेन के वरिष्ठतम समाज के पंच मुखिया सेठी अहिरवार और हमारे-आपके चहेते युवा प्रदेश के प्रधान संपादक भाई नागेश नरवरिया जी की गरिमा मय उपस्थिति में मैरी मां से बढ़कर मां कलादेवी के सानिध्य में मैंने अपने हाथ से फूल माला बनाकर संस्थापक जी को समर्पित किया और शाल श्रीफल भेंट कर राजेश अहिरवार जी ने सम्मानित किया तत् पस्चात केक काट कर एक दूसरे को खिलाई और हेपी वर्थ डे मनाया। रमन बामने जी ने भी सोशल मीडिया व उदयपुरा जन्म स्थान पर केक काटकर हार्दिक बधाइयां दी।

**इस अफसर पर संस्थापक जी ने हम सब को आशीर्वाद दिया।**
**निवेदक संगीता गोलिया महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष म प्र**

# एन.सी.सी. सिर्फ ट्रेनिंग नहीं, राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिकों के निर्माण का प्रकल्प है - राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने म.प्र. और छत्तीसगढ़ निदेशालय की एन.सी.सी. की टीम द्वारा राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन को गर्व की बात बताया है। उन्होंने दिल्ली से लौटे एन.सी.सी. कैडेट्स के कन्टिन्जेन्ट और परेड में सहभागी सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। राज्यपाल ने विभिन्न केटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एन.सी.सी. कैडेट सुश्री ख़ुशी महावर, सुश्री आयुषी तिवारी और सुश्री इशिका गुर्जर को मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की। राज्यपाल ने कैडेट्स को प्रशिक्षण देकर मार्ग प्रशस्त करने वाले सैन्य अधिकारियों, जवानों और एन.सी.सी. के अंशकालीन अफसरों को भी बधाई दी। राज्यपाल राजभवन परिसर के सांदीपनि सभागार में ÷एन.सी.सी. एट होम÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग, अनुशासन में रहते हुए एकता की भावना का विकास करना ही एन.सी.सी. का मूल उद्देश्य है। एन.सी.सी. सिर्फ ट्रेनिंग नहीं है, यह मानवीय संवेदनाओं और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिकों के निर्माण का प्रकल्प है। एन.सी.सी. की साहसिक, विषम परिस्थितियों, चुनौतियों का डट कर सामना करने की गतिविधियाँ और देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर, सद्भाव एवं भाई-चारे के कार्यक्रम राष्ट्र-सेवा के भाव को मज़बूत करते हैं।



## एन.सी.सी. कैडेट्स मतदाता जागरूकता प्रयासों में भी सहयोग के लिए आगे आएँ


राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि एन.सी.सी. द्वारा सामाजिक सरोकार, समाज-सेवा और जन-जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं। उन्होंने आहवान किया कि एन.सी.सी. कैडेट्स मतदाता जागरूकता प्रयासों में भी सहयोग के लिए आगे आएँ। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत और कर्तत्व्यनिष्ठा का कोई पर्याय नहीं है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इसी जोश से नए लक्ष्यों को प्राप्त कर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। युवा ही भारत की आजादी के 100वें वर्ष तक देश की विकास यात्रा को आगे बढ़ायेंगे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सशक्त, समृद्ध और समर्थ भारत निर्माण के लिए जरूरी है कि देश का हर बच्चा एनसीसी कैडेट हो।

## एन.सी.सी. कैडेट्स ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

कैडेट सुश्री ख़ुशी महावर ने समारोह के अनुभवों को साझा किया। एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा माँ अहिल्या की जीवन यात्रा, नदियों के संरक्षण और मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय के आंचलिक नृत्य पर आधारित मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गयीं।

# बन्दूक की नोक पर सरकारी अधिकारी से काम करवाना कितना गंभीर अपराध होता है जानिए/Prevention of Corruption Act,1988 ......

अक्सर हमने एक कहावत सुनी है कि बंदूक की नोक पर बड़े से बड़े अधिकारी से काम करवा लिया जाता है, जी हाँ बहुत से दबंग व्यक्ति होते हैं जो सरकारी अधिकारियों या किसी लोकसेवक से डरा धमकाकर या किसी अवैध साधनों का प्रयोग करके अपना काम करवा लेते हैं लेकिन वह जानते नहीं है कि ऐसा करना कितना गंभीर अपराध होता है उन्हें सात वर्ष तक जेल भी भेज सकता है पढ़िए।



**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,1988 की धारा 7(क) की परिभाषा-** कोई व्यक्ति किसी लोकसेवक से भ्रष्ट, निजी प्रभाव(धमकी, उत्प्रेरण आदि) या अवैध साधनों-(बंदूक, चाकू या की अवैध हथियार) से डरा धमकाकर किसी कार्य को करवाएगा या करवाने की कोशिश करेगा या उसे अपने कर्तव्यपालन, दायित्व को निभाने से रोकेगा या रोकने का प्रयत्न मात्र करेगा तब ऐसा करने वाला व्यक्ति अधिनियम की धारा 7(क) के अंतर्गत दोषी होगा।

**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,1988 की धारा 7(क) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-** इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय हैं, इनकी सुनवाई का अधिकार प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट को होता है सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम सात वर्ष की कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

उधानुसार- शहर का दबंग नेता किसी पुलिस अधिकारी को कॉल पर धमकी देता की की वह संबंधित मामले की रिपोर्ट दर्ज न करे एवं अगर वह ऐसा करता है तो उसे गंभीर चोट पहुचा दी जाएगी। ऐसा करने वाला दबंग नेता इस धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

**- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(उत्तर प्रदेश अलीगढ़) 7999293638**

# स्मार्ट सिटी उद्यान से हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान से 75 ई-बाइक्स को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड की ई-बाइक परियोजना के प्रथम चरण में यह ई-बाइक्स लोकार्पित की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी ई-बाइक चलाई। लोकार्पित 75 ई-बाइक के चालक रैली के रूप में श्यामला हिल्स स्थित पार्क से डिपो चौराहा, पी एण्ड टी चौराहा, संजय कॉम्पलेक्स, माता मंदिर, प्लेटिनम प्लाजा होते हुए टी.टी. नगर स्टेडियम पहुँचे।




# भोपाल में हुआ जन आवाज मंच कार्यलय का उद्घाटन

**भोपाल।** आज भोपाल में जन आवाज मंच जो कि 30से अधिक कर्मचारी संगठनों व समाजसेवी किसान आदि संगठनों को मिलाकर बनाया गया है जिसके प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन भोपाल के युवा समाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र पांडेय जी द्वारा किया गया इस अवसर पर सत्येंद्र पांडेय जी ने सभी के बीच विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब भोपाल में प्रदेश के हर पीड़ित वर्ग की आवाज जन आवाज मंच के माध्यम से उठाई जाएगी हर संवर्ग की आवाज जन आवाज मंच बनेगा इस अवसर पर साथ मे जन आवाज मंच की और से लीलाधर अहिरवार, सी आर पी संघ के प्रदेश अध्यक्ष व कोर टीम सदस्य श्री सीताराम प्रजापति,सामाजिक कार्यकर्ता श्री रोहित सिसोदिया जी, श्री शरद वाजपेयी जी,कोर टीम सदस्य हरिदास अहिरवार जी,पुष्पेंद्र वर्मा, मनोज पटेरिया, अन्नपूर्णा शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री सी सी आर पी संघ,अंजो व्यास,आदि मौजूद रहे।



# ओलावृष्टि का मुआवजा दिलाने बसपा ने सौंपा ज्ञापन

**कालीचरण भारतीय**

**छतरपुर।** बहुजन समाज पार्टी बिजावर विधानसभा इकाई के नेतृत्व में बिजावर विधानसभा में ओलावृष्टि होने के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए एसडीएम बिजावर को ज्ञापन सौंपा गया। बसपा जिलाध्यक्ष शंकरलाल अहिरवार के अनुसार ओलावृष्टि के कारण कई गांवों के किसानों की फसल पूरी तरह से तबाह हो चुकी है पर प्रशासन के द्वारा किसी तरह से कोई सर्वे या मुआवजा की चर्चा नहीं की जा रही है। किसानों की इन्हीं समस्याओं को लेकर बहुजन समाज पार्टी के द्वारा एसडीएम बिजावर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच सर्वे करा कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन कार्यक्रम में सतीश वर्मा, केएल बौद्ध सहित बसपा के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# वृद्धावस्था पेंशन मे नाम जुडने हेतु मांगी रिश्वत

**हल्के वीर उदयपुरा।** रायसेन जिले की जनपद पंचायत उदयपुरा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आलीवाडा का है पंचायत मे पदस्थ सचिव रवि गुप्ता ने हितग्राही, धनीराम लोधी से पेंशन मे नाम जोडने के लिए 5000/ रूपये की रिश्वत मांगी थी। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। हमारे न्यूज़ रिपोर्टर ने ग्रामीण अरविन्द लोधी से फोन पर की, तो अरविंद लोधी ने बताया कि सचिव बगैर रिश्वत के कोई काम नहीं करता है। तथा गाँव के अन्य हितग्राही दलीप खण्डर लोधी, सौन खण्डर लोधी से भी काम करने के लिए रिश्वत मांगी हैं। एवं सचिव महोदय कहते हैं कि मुझे ऊपर भी देना पड़ता है एक तरफ सरकार हितग्राहियों को जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दूसरी तरफ सचिव रिश्वत खोरी मे लगे हुए है। शासन योजनाऐं की पारदर्शिता का दावा करती है मगर धरातल पर वह नजर नहीं आती है ।। रायसेन जिले में हाल ही कुछ महीनों पहले मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए थे की भ्रष्टाचार/ भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई करें। मगर भ्रष्टाचारियों को जरा भी शासन-प्रशासन का डर नहीं है और वह घूसखोरी फुल दबंगई में कर रहे हैं। जिसके तहत आम नागरिक अपनी सुख-सुविधाओं से अपने अधिकारों से वंचित है।



# चुहरी मे काँग्रेस ने निकाली हाँथ से हाँथ जोड़ो यात्रा

**रोहित तिवारी**

शहडोल। जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता जी के नेतृत्व मे शहडोल जिले के प्रत्येक ब्लाक,उपब्लाक एवं प्रत्येक गाँव मे निकाली जा रही हाँथ से हाँथ जोड़ो यात्रा के अंतर्गत बुढार ब्लाक के चुहरी ग्राम मे यात्रा निकाल कर लोगों को नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला के द्वारा दी गई। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता,प्रदेश प्रवक्ता अजय अवस्थी,युवा कांग्रेस जिला महासचिव अभिषेक मिश्रा नित्तू,एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष सुमित गुप्ता,अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सिराज खान,महिला जिलाध्यक्ष संध्या सिंह,उत्कर्ष सिंह,सुमित तिवारी,अंजनी मिश्रा,जयकरण सिंह,प्रेमधरी सिंह,अतुल तिवारी आदि सैकड़ो की संख्या मे काँग्रेसजन उपस्थित रहे।




# विकास यात्रा को लेकर विधायक कार्यालय में हुई बैठक , 5 फरवरी से 28 फरवरी तक भ्रमण करेगी विकास यात्रा



**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट**

**बुढ़ार।** बुढार विधायक विधायक कार्यालय में गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन की अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम विकास यात्रा को लेकर श्रीमती मनीषा सिंह की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई द्य 5 फरवरी से 28 फरवरी तक जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में विकास यात्रा भ्रमण कर शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित कराने यात्रा का मुख उद्देश है द्य श्रीमती मनीषा सिंह विधायक ने बताया कि विकास यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने में पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है द्य धनपुरी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी बकहो नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट जिला विकास यात्रा प्रभारी दौलत मनमानी जैतपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अशोक मिश्रा सह प्रभारी राकेश तिवारी. पुष्पराज सिंह पंखुरी विपुल सिंह दीपक शर्मा जूली रजक हेमंत सोनी सचिन सेठिया लल्ला केवट सीताराम साहू राजकुमार सिंह सहित भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



# जिस्म नस्वर विचार सारस्वत ??

जिस्म हमारा मिट जाये
विचार जीवंत रह जायेगा
विषमता के विरुद्ध जो
निरंतर आवाज उठायेगा

आगाज करने वाले
सब जा चुके हैं,
अंजाम देने वाले
हम आ चुके हैं,
संघर्ष से हमारे अब
दुश्मन खौफ खायेगा
जिस्म हमारा मिट जाये
विचार जीवित रह जायेगा

साथियों इस कारवां को
रुकने ना देना,
रत्तीभर दुर्भावना मन में
उठने ना देना,
हमारे संगठित होने से
मंजिल हमे मिल जायेगा
जिस्म हमारा मिट जाये
विचार जीवित रह जायेगा,

कफन सर पर बांधकर
निकलो यारों,
सरफरोशी पुरखों से ही
सीख लो यारों,
जज्बा शहादत का हो ,तो
कोई क्या बिगाड़ेगा
जिस्म हमारा मिट जाये
विचार जीवित रह जायेगा
विषमता के विरुद्ध
निरंतर आवाज उठायेगा।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**




# यह बजट मध्यम वर्ग और महिलाओं को सक्षम करने वाला अमृतकाल का सर्वस्पर्शी बजट है- कैलाश सोनी भाजपा राज्यसभा सांसद मध्यप्रदेश

बजट के बाद प्रतिक्रिया देते हुए मध्यप्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट सर्वसमावेशी, जन-कल्याणकारी, राष्ट्र के संपूर्ण विकास का बजट है। इस बजट में मध्यम वर्ग, महिलाओं, युवाओं, किसानों और हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बजट ने मध्यम वर्ग के लोगों की आँखों में नई उम्मीद जगाई है। इस साल प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक होकर 1.97 लाख दर्ज की गई है। सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 81 लाख स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर असाधारण कामयाबी हासिल की है। दो साल की अवधि के लिए महिलाओं को नई लघु बचत योजना, महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें महिलाओं और बालिकाओं के नाम पर दो वर्षों की अवधि के लिए 7.5 फीसदी की दर पर दो लाख रूपए तक की जमा राशि मिलेगी। बजट में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग



मंत्रालय द्वारा जारी पीएलआई स्कीम में करीब 500 करोड़ रूपए का इजाफा किया गया है। यह 1022 करोड़ से बढ़ाकर 1530 करोड़ रूपए किया गया है। logistics को मजबूत करने के लिए 75 हजार करोड़ रूपए का निवेश होगा, जिससे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और भारत मोटे अनाज का ग्लोबल हब बनेगा। कृषि स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए एक एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड बनाया जाएगा। कृषि कर्ज को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए किया गया है। बजट में राज्यों को उनके 'एक जिला एक उत्पाद', जीआई उत्पादों और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के प्रचार और बिक्री के लिए अन्य सभी राज्यों के ऐसे उत्पादों के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए राज्यों की राजधानी में यूनिटी मॉल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने वाला है। वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम-प्रणाम योजना की शुरूआत की जाएगी। बजट में गोबरधन स्कीम के तहत 500 नए संयंत्रों की स्थापना का प्रस्ताव है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों के बाद आज पूरा विश्व मोटे अनाज का महत्व समझ रहा है। भविष्य में भारत मिलेट्स के लिए वैश्विक हब बनेगा। इसका सर्वाधिक लाभ भारत के छोटे किसानों को होगा। अब इस 'सुपर फूड' को 'श्री अन्न' के नाम से एक नई पहचान दी गई है। 'श्री अन्न' से हमारे छोटे किसानों और किसानी करने वाले आदिवासी भाई-बहनों को आर्थिक संबल मिलेगा। अगले तीन सालों में केंद्र सरकार द्वारा 38,800 अध्यापकों को 740 एकलव्य स्कूलों के लिए भर्ती किया जाएगा, जिससे साढ़े तीन लाख आदिवासी छात्र लाभांवित होंगे। कर्नाटक के सूखा मध्य क्षेत्र में सिचांई सुविधा मुहैया कराने के लिए भद्रा योजना को 5,300 करोड़ सहायता दी जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों की बचत योजना के लिए अधिकतम जमा सीमा को 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए कर दिया गया है। बजट में आम व्यक्ति का ध्यान रखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्सधारकों को बड़ी राहत देते हुए 7 लाख रुपये तक की आमदनी पर अब कोई टैक्स नहीं लेने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने रेलवे के लिए कुल 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह 2013-14 बजट से करीब 9 गुना ज्यादा है. 2013 में रेलवे के लिए करीब 63,363 करोड़ रुपये के बाजट का प्रावधान किया गया था. यह रेलवे के लिए अब तक का सबसे अधिक पूंजी परिव्यय है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के दबंगई के आगे सेक्टर पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी भी फीके क्यूँ



**कोतमा।** महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय कोतमा के सेक्टर बिजुरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के साथ भेदभाव किये जाने जैसा मामला सामने आता दिखा है दरअसल सेक्टर बिजुरी अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय आंगनबाड़ी केन्द्रो में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर पदस्थ हो कार्यरत कर्मचारियों के साथ सेक्टर पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी कोतमा द्वारा ज्यादती किये जाने जैसी खबर प्काश में आई है कि किसी एक व्यक्तिगत विशेष महिला हेमा शर्मा को वार्डवासियों के द्वारा अक्सर अनुपस्थिति होने की शिकायत करने के बावजूद भी किसी तरह की दण्डित कार्यवाही ना होकर शासकीय सभी तरह के लाभ का मिलते रहना अन्य आंगनबाड़ी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किये जाने को खुले तौर पर दर्शाता है वहीं मिली जानकारी अनुसार नियम पूर्वक जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दो दिन से ऊपर बेवजह बिना कारण लिखित तौर पर दिये जाने अनुपस्थिति पाई जाती है तो विभाग द्वारा दण्ड अनुसार वेतन कटौती के आदेश हैं लेकिन दोनो अधिकारी बिजुरी सेक्टर पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी कोतमा द्वारा बिजुरी आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 05 को विशेष रुप से तवज्जो दिया जाना पता चल रहा? जिस कारण से इस तरह का कृत्य अन्य आंगनबाड़ी कर्मचारियों के साथ भेदभाव पूर्ण है क्योंकि सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बिजुरी केन्द्र क्रमांक 05 की आंगनबाड़ी को विशेष लाभ मिल रहा और अन्य आंगनबाड़ी केन्द्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के साथ बिजुरी सेक्टर पर्यवेक्षक तथा परियोजना अधिकारी कोतमा द्वारा अनदेखा व्यवहार किया जाना सुनना मिलता दिख रहा जिसमें अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की 1 दिन की गैरहाजिरी पर 10 या 15 दिन की तनख्वाह इन दोनो अधिकारियों द्वारा काट दिया जाता है परन्तु हेमा शर्मा को विशेष सुविधाएं ऐसा आखिर में क्यूँ! इन्हीं महोदया को विशेष सुविधा देने के पीछे इन दोनो अधिकारियों की मंशा क्या होगी?

# विधानसभा क्षेत्र के 16 मुख्य मुद्दाओ को लेकर सौंपा ज्ञापन मांगे जल्द पूर्ण नहीं तब होगा उग्र आंदोलन : खुर्शीद अहमद

### कोतमा विधानसभा क्षेत्र में अवरुद्ध हुये विकास कार्यों की भाजपा और कॉंग्रेस बराबर की जिम्मेदार

कोतमा। जिले के कोतमा विधानसभा अंतर्गत विगत वर्षो से कांग्रेस और भाजपा के शासन काल में अवरुद्ध हुए विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को बिजुरी से विकास को दर्शाती हुई बाइक रैली निकालकर कोतमा तक बहुजन समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी खुर्शीद अहमद के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष रमेश कुमार केशकर के अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के द्वारा संयुक्त रूप से किए गए भ्रष्टाचार कोतमा विधानसभा में रुके हुए विकास के कार्य और कोतमा क्षेत्र अंतर्गत विकास शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधित मुद्दे को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब है कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी तीसरा बड़ा दल है जिसकी जिले में खुर्शीद अहमद करते हैं बिजुरी से चलकर कोतमा तक गई बाइक रैली में सैकड़ों बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे जिनके द्वारा एसडीएम परिसर में जाकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और रोके गए विकास को लेकर नारेबाजी करते हुए दोनों ही पार्टी को घेरने का कार्य किया गया है। बाइक रैली निकालने के बाद एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में 16 बिंदुओं पर बहुजन समाज पार्टी ने प्रशासन से मांग रखते हुए जल्द से जल्द मांगे पूर्ण करने की बात कही है। वही संकेतिक रूप से रैली निकालकर भविष्य में कोतमा



विधानसभा के विकास कार्यों को तेज गति से करने के लिए एसडीएम को चेतावनी भी दी है।

**ज्ञापन के 16 मुख्य बिंदु में छिपा कोतमा का विकास:** आमाडांड ओपन कास्ट खुली खदान परियोजना अंतर्गत विस्थापन किए गए किसानों को विस्थापित जमीन के बदले नौकरी देने की पहली मांग, आमाडांड में उप तहसील तथा थाना खोले जाने की मांग, डिग्री महाविद्यालय को बस उपलब्ध कराए जाने के साथ साथ बिजली नगर में गरीबी रेखा कार्ड बनवाने के लिए सर्वे कराकर जल्द से जल्द हितग्राहियों को लाभ पहुंचाए जाने, बिजुरी की एकमात्र अस्पताल का उन्नयन कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की मांग, रेत माफियाओं के खिलाफ प्रशासन को अभियान चलाए जाने की मांग तथा रेत के दर कम करने की मांग के साथ-साथ कोतमा नगर में इंजीनियरिंग महाविद्यालय खुलवाए जाने की मांग लिखित में देते हुए एसडीएम से की है। बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व करता खुर्शीद अहमद ने कहा कि कोतमा के विकास को कांग्रेस और भाजपा दोनों ने मिलकर शिथिल कर दिया है ना तो कोतमा में उच्च शिक्षा की कोई व्यवस्था है और ना ही उच्च स्वास्थ्य संबंधित कोई व्यवस्थाएं हैं अगर जल्द ही शिक्षा स्वास्थ्य और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दोनों पार्टी द्वारा किसी प्रकार से उल्लेखित बिंदुओ के मांग को अगर पूर्ण नहीं किया जाता तब मजबूरन बहुजन समाज पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।

### इनका कहना है


बसपा द्वारा जो माननीय एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है वह इस कोतमा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है जिसे ना ही कांग्रेस सरकार द्वारा लम्बे अर्षे रहने बाद पूर्ण करा पाया गया और अब भाजपा सरकार भी वादा करने के बाद टांय टांय फिस्स होते दिख रही बस उसी विषय को बसपा कोतमा ने मौजूदा सरकार को ज्ञापन के माध्यम से याद दिलाये जाने का कार्य को किया है?

**खुर्शीद अहमद,संभाग शहडोल जोन प्नभारी बसपा**

## ग्वालियर की प्रसिद्ध इंजीनियरिंग संस्था एम.आई टी एस कॉलेज की अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के बड़े घोटाले की शिकायत राज्यपाल महोदय को ज्ञापन।

**रामेश्वर नरवरिया**

ग्वालियर की प्रसिद्ध इंजीनियरिंग संस्था एम.आई टी एस कॉलेज की अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के बड़े घोटाले की शिकायत संयोजक आईटी विभाग मध्य प्रदेश परिसंघ इंजीनियर राहुल अहिरवार के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश शासन को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन पत्र प्रेषित किया एम.आई.टी.एस ग्वालियर प्रसिद्ध प्रदेश स्तर की अनुदान प्राप्त संस्था है जिसके चेयरमैन माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी है कॉलेज में अनुसूचित जाति छात्रों को 2018 से छात्रवृत्ति की राशि कम दी जा रही थी, शेष राशि का घोटाला किया जा रहा था, जिसके उच्च स्तर पर मुद्दा उठाने पर छात्रों को शैक्षणिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान कर दिया गया है तथा अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान शेष है जिससे संबंधित आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल ने आयुक्त तकनीकी से संपूर्ण प्रतिवेदन मांगा आयुक्त तकनीकी ने संपूर्ण



पत्र क्र.:- ज्ञापन/2023/8 ज्ञापन दिनाँक:-30/01/2023

प्रति,

महामहिम राज्यपाल महोदय, E-MAIL:- psrajbhavan@mp.gov.in

म.प्र शासन भोपाल, 462003

विषय: अनुसूचित जाति छात्रो को अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान करने तथा विलंब के लिए दोषियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत कार्यवाही कराने के संबंध मे,

सलंग्न:- छात्रों द्वारा दर्ज की गई समस्त सी.एम हेल्प लाइन शिकायत नंबर,माननीय मुख्यमंत्री घोषणा आदेश, आयुक्त तकनीकी भोपाल प्रतिवेदन पूर्व पत्रों का संकलन,

महोदय,

उपरोक्त विषय में संगठन अवगत कराना चाहता है, कि पूर्व में संगठन के द्वारा आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल को अनेकों पत्र भेजे गए पर आज दिनांक तक किसी भी पत्र का जवाब पत्र संघठन को नहीं भेजा गया तथा एम. आइ.टी.एस.ग्वालियर के छात्रों को आज दिनॉक तक अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान नहीं किया गया तथा छात्रों द्वारा अनेकों सीएम हेल्पलाइन भी दर्ज की गई जिस पर आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई तथा काफी शिकायतें फोर्स क्लोसद् कर दी जाती है,तथा बिना सही जबाव भरे गुमराह युक्त जानकारी भरी जा रही है,

तथा माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा क्रमांक 1694 मे स्पष्ट आदेश है,अनुसूचित जाति छात्रों को मुक्त शिक्षा

प्रतिवेदन 29/08/2022 को आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल को प्रेषित कर दिया लेकिन एम.आई.टी.एस ग्वालियर के छात्रों को आज दिनांक तक अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान नहीं किया गया तथा छात्रों एवं विभिन्न संगठनों द्वारा विगत 8 माह से बराबर पत्राचार किया जा रहा लेकिन आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल द्वारा किसी भी पत्र का जवाब पत्र नहीं भेजा जा रहा है तथा अनुसूचित जाति छात्र को छात्रवृत्ति से वंचित करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही नहीं की गई।

## आदर्श नरवा मिशन के तहत कोरिया एवं एमसीबी जिले में पांच नालों का होगा पुनरुद्धार

### ंनरवा का चिन्हांकन पूर्ण, विकास के लिए कार्य प्रस्तावित, कार्यपालन अभियंता प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी सुराजी ग्राम योजना के तहत नरवा विकास का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य को अलग पहचान व जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक-एक आदर्श नरवा विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए आदर्श नरव का चयन कर जल संरक्षण के कार्य प्रस्ताव तैयार कर लिए गए हैं। साथ ही इस कार्य के लिए प्रभारी अधिकारी व प्रत्येक कार्य के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति का आदेश भी जारी कर दिया गया है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया की मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि राज्य के निर्देशानुसार कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत अंतर्गत एक-एक नाले का चयन किया गया है। इन पांच नालों के विकास कार्य के लिए पूरे कैचमेंट एरिया का सर्वे कराकर कार्ययोजना बना ली गई है। इनमें एरिया ट्रीटमेंट सहित अनेक कार्य होंगे और इससे नालों को पुनर्जीवित कर बारहमासी जलस्त्रोतों का आकार दिया जाएगा। कोरिया एंव एमसीबी जिले के पांचों नालों की कुल लंबाई 18 किलोमीटर से ज्यादा है तथा इनका कैचमेंट एरिया कुल 3 हजार 226 हेक्टेयर है। जिला पंचायत सीइओ ने आगे बताया कि इन नालों में कुल 275 अलग अलग कार्य प्रस्तावित किए गए हैं



जिनकी कुल लागत 5 करोड़ 23 लाख रूपए है। आदर्ष नरवा विकास कार्य के लिए जनजागरूकता और व्यापक प्रचार प्रसार कर स्थानीय जनों को जल संचय व संरक्षण के लिए विषेष तौर पर सचेत करने के लिए सभी जनपद पंचायतों में नोडल व सहायक नोडल अधिकारी भी बनाए गए हैं जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर में ग्राम मोदीपारा, जामपानी और डूभापानी से होकर बहने वाले मूड़ीझरिया नाले को आदर्ष नरवा मिषन के लिए चिन्हांकित किया गया है। इसकी कुल लंबाई 3 किलोमीटर 510 मीटर है। इसमें जलसंवर्धन के लिए कुल 26 कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। यहां 127 लाख रूपए की लागत से कुल 507 हेक्टेयर भूमि का उपचार किया जाएगा।

## अजाक्स सतना ने 24 सूत्रीय मागों का ज्ञापन सौंपा

**कैलाश कुमार**




अजाक्स जिला इकाई सतना द्वारा माननीय, मुख्यमंत्री महोदय एवं महामहिम राज्यपाल महोदय, को संबोधित 24 सूत्री मांगों का ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि श्री प्रदीप तिवारी तहसीलदार द्वारा लिया गया। अजाक्स के अलावा नाजी भीम- आर्मी, प्रजापति युवा समाज संघ, जयस एवं कोल समाज के पदाधिकारियों ने नेतृत्व किया एवं अजाक्स कार्यालय आर 102, सिविल लाइन कोठी रोड से सिविल लाइन चौक, धवारी चौक, होते हुए विशाल रैली कलेक्ट्रेट पहुंची। ज्ञापन में मुख्य रूप से अजाक्स के जिला अध्यक्ष आदरणीय रामकलेश साकेत, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल साकेत, यस.वी. कोरी साहब जिला महासचिव, लल्लू प्रसाद जी हेड मास्टर महासचिव, गुलाब सिंह जी महासचिव, भरत लाल साकेत जी, महासचिव, एस .के .अरिहा सचिव, अमृतलाल साकेत सचिव, श्री बी .एन. अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष सोहावल, पूनम कुटार ब्लॉक अध्यक्ष नागौद ,राजेश रैदास ब्लॉक अध्यक्ष उचेहरा, बी .एल. चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मैहर, राजकुमार प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर बाघेलान, राजकुमार साकेत ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाटन, एडवोकेट गणेश सेन, एडवोकेट मनोज वर्मा जी, सुरेंद्र रावत कोल समाज संभागीय अध्यक्ष, अजीम खान समाजसेवी, सरपंच संतोष चौधरी,श्री सुरेंद्र चौधरी पार्षद कृपालपुर, श्री राजकुमार साकेत, श्री बाबूलाल कोरी श्रीमती गीता कोल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, श्रीमती रेखा साकेत जिला महासचिव, श्रीमती सुषमा कॉल, श्रीमती पूजा साकेत, शिव मोहन अहिरवार नाजी महासचिव इत्यादि हजारों की संख्या में कर्मचारी अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं समाजसेवी उपस्थित हुए।

## हरी झंडी दिखाकर अग्निशमन वाहन को किया रवाना

**नयी दमकल (फायर) गाड़ी का हुआ उद्घाटन**

**राजनगर।** नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष एवं सीएमओ के दूरदर्शी प्रयासों से नगर परिषद के अग्निशमन विभाग का मजबूतीकरण हुआ है आपदा और विपत्ति आग लगने पर आग पर तुरंत नियंत्रण पाने के लिए परिषद द्वारा नयी अग्निशमन वाहन क्रय किया गया है,अग्निशमन दल के वाहनो की गति व उसकी क्षमता को देखते हुए समय पर घटनास्थल पर पहुंचना संभव होगा,परिणामस्वरूप आग से होने वाले नुकसान क्षेत्र मे कम होने मे मदद होगी,नयी फायर वाहन 3 हजार लीटर क्षमता वाली




वाटर टैंक है,नयी फायर वाहन का उद्घाटन नगर परिषद प्रांगण मे सीएमओ राकेश शुक्ला अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया,उपाध्यक्ष कंचना मेहता,सभापति रवि सिंह, पार्षद राकेश दीवान,चंदा देवी महरा, सरिता यादव,पार्वती सिंह गोंड,रंजीत वर्मा, रीता पालीवाल द्वारा किया गया,इस मौके पर अध्यक्ष श्री चौरसिया द्वारा कहा गया कि इस नयी फायर वाहन के आ जाने से डूमरकछार क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए मशक्कत नहीं करना पड़ेगा,सूचना मिलने पर जल्द से जल्द फायर ब्रिगेड नियत स्थान तक पहुंच जाएगा, उक्त उद्घाटन समय पर परिषद के सभी कर्मचारियों समेत क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित रहे, उद्घाटन के पश्चात अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति मे अग्निशमन विभाग की टीम के तीरथ पनिका (तकनीशियन) और सूरज लहरे (चालक) ने फायर वाहन का परीक्षण भी किया।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# 24 घंटे के अंदर राड चोरी के आरोपियों को फुनगा पुलिस ने किया गिरफ्तार।




**अनूपपुर।** फुनगा चौकी अंतर्गत 28- 29 जनवरी की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा रामभजन साहू निवासी फुनगा के छत पर रखे लगभग 3 क्विंटल रात जिसकी कीमत 18000 अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी ! जिसकी शिकायत फरियादी ने फुनगा चौकी पर दर्ज कराई थी ! पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच पर जुटी ! चौकी प्रभारी सुमित कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने के लिए ग्राम टेघा गया हुआ था मौके का फायदा उठाते हुए ग्राम दैखल निवासी शिवनाथ चौधरी उम्र 21 वर्ष, अमृतलाल चौधरी उम्र 29 वर्ष, हीरालाल चौधरी उम्र 22 वर्ष के द्वारा फरियादी के छत पर रखे राड चोरी कर ले गए थे जिसे बेचने की फिराक पर सोमवार को लगे हुए थे इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिली और पुलिस की एक टीम जाकर चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से राड जप्त करते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है !

# प्रोजेक्ट उन्नति से प्रशिक्षण के बाद पशुपालन कर लाभांवित हो रहा है छत्रपाल का परिवार

**कोरिया।** कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत केशगंवा में रहने वाले एक वनाधिकार पत्रक धारी सामान्य किसान का जीवन अब सामान्य परिश्रम और बेहतर तकनीक से उन्नति की राह पर चल रहा है। पहले केवल अकुशल रोजगार पर आश्रित रहने वाले परिवार के पास स्वयं का ही पर्याप्त कार्य है और वह गौपालन के साथ सब्जी उत्पादन करके अपने परिवार के लिए आसानी से जीवन यापन की व्यवस्था कर पा रहे हैं। कोरिया जिले में महात्मा गांधी नरेगा के तहत पंजीकृत श्रमिक के रूप में दैनिक मजदूरी पर आश्रित श्री छत्रपाल स्वयं बतलाते हैं कि पहले वह केवल महात्मा गांधी नरेगा से मिलने वाले अकुशल श्रम पर ही आश्रित रहते थे। वह लगातार अकुशल श्रम करने के परिणामस्वरूप प्रोजेक्ट उन्नति के लिए चयनित हुए और उन्हे वर्ष 2021-22 में जनपद पंचायत स्तर पर एक प्रशिक्षण लेने का मौका मिला। इससे उन्हे पशुपालन करने के पारंपरिक तरीकों में सुधार करने की सीख मिली। उसके बाद छत्रपाल ने अपने परिवार के साथ बकरी पालन और गौ पालन को व्यवसायिक तरीके से करना प्रारंभ कर दिया। अब उनके पास 10 दुधारू गाय और 21 से ज्यादा बकरे बकरियां हैं। इससे उन्हे प्रतिमाह 10 हजार रूपए से ज्यादा की औसत आमदनी प्राप्त होने लगी है। कुल आठवीं तक की शिक्षा प्राप्त छत्रपाल के परिवार में माता और पिता के साथ कुल आठ लोगों का परिवार है। इन्हे शासन की कई व्यक्तिगत हितकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है।



इनके पूर्वज लंबे समय से वनक्षेत्र में काबिज थे जिससे इन्हे एक हेक्टेयर भूमि का वनाधिकार पत्रक प्राप्त हुआ है। इस भूमि का समतलीकरण महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से हो चुका है और वह इसमें दो फसल ले रहे हैं। ग्राम गोठान में इनकी पत्नी श्रीमती चमेली और माता श्री मती वर्मी कंपोस्ट उत्पादन से जुड़ी हुई हैं। गौपालन से होने वाले गोबर को यह गौठान में बेचते हैं जिससे इन्हे दोहरा लाभ हो रहा है। घर के समीप बाड़ी विकास का लाभ ले ते हुए इस परिवार ने सब्जी उत्पादन भी बेहतर तरीके से प्रारंभ कर दिया है पहले इन्हे पानी के लिए दिक्कत होती थी परंतु ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर इन्हे व्यक्तिगत तौर पर कूप निर्माण की स्वीकृति मिल गई जिससे इनके बाड़ी में सिंचाई की सुविधा बढ़ गई और अब सब्जी उत्पादन से ही यह परिवार प्रति माह 4 से 6 हजार रुपए का सब्जी उत्पादन करने लगा है। अब इस परिवार के लिए खेती बाड़ी और पशुपालन ही मुख्य व्यवसाय हो चुका है और पूरा परिवार खुशहाली की राह पर है।

## आमंत्रण पत्र


कार्यक्रम स्थलः-
चूंदी नदी के तटपर-सिद्धबाबा ग्राम खुशरवाह पंचायत कतिरा जयसिंहनगर जिला-शहडोल (म०प्र०)

आमंत्रण-पत्र

प्रिय
सम्मानित साथियो बहुजन समाज में जन्में महापुरुष तथागत गौतम बुद्ध,कबीर,गुरुनानक,संत रविदास,राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले,राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले,छत्रपति साहूजी महराज,पेरियर रामास्वामी विरसामुण्डा,जगदेव प्रसाद,ललई सिंह एवं विश्वरत्न भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर ये महामानव पूरे जिन्दगी व्यवस्था परिवर्तन के लिये संघर्ष किए हैं और जो भी उपलब्धि है वह इन्हीं महापुरुषों के कुर्बानियों के बदौलत है।
हम लोगों को जो हक अधिकार-सम्मान स्वाभिमान भारतीय संविधान में लिखा हैं वो बाबासाहब डॉ०भीमराव अम्बेडकर जी के बदौलत मिला है।

गुरु रविदास जी के 645 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

समस्त मीडिया प्रभारी/पत्रकार/समस्त एसटी एससी ओबीसी मूलनिवासी कर्मचारी महासंघ/समस्त भीम आर्मी भारत एकता मिशन/समस्त मूलनिवासी संघ/समस्त मूलनिवासी विद्यार्थी संघ/गोंडवाना समाज/समस्त जयस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गणज्ज. सम्मानित साथियों मूलनिवासी समाज में जन्मे महापुरुष संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 645 वी जयंती समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चूंदी नदी सिद्ध बाबा ग्राम खुसरवाह तहसील जयसिंहनगर जिला शहडोल मध्य प्रदेश में दिनांक 5 फरवरी दिन रविवार 2023 को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विशाल कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है अतः आप सभी से विनम्र निवेदन एवं अपील है कि उक्त दिनांक एवं समय को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में पधारने का कृपा करें। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी मंदिर का इतिहास शहडोल संभाग का एकमात्र रविदास मंदिर सन 2000 में निर्माण बाबा रामकृपाल ग्राम खुशरवाह व सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग के द्वारा निर्माण कार्य संपूर्ण कराया गया एवं हर वर्ष माघी पूर्णिमा के दिन गुरु जी के जन्मदिन पर विशाल बाइक रैली एवं भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है इसलिए इस वर्ष भी यह कार्यक्रम रखा गया है।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

कलश यात्रा एवम बाइक रैली डीजे बाजा के साथ

सुबह 10:00 बजे से

**स्थान**-शासकीय महाविद्यालय तिराहा जनकपुर रोड से होते हुए बस स्टैंड एवं मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी।

### मंचीय कार्यक्रम-

संत रविदास मंदिर के प्रांगण में दोपहर 12:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक वक्ताओं के द्वारा अपने अपने विचार एवं मूलनिवासी साहित्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व आभार

शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक खिचड़ा एवं प्रसाद वितरण समारोह

# नगर परिषद उपाध्यक्ष व पार्षद जन समस्या निवारण हेतु कॉलरी अधिकारी सहित पत्रकार बंधु को लेकर किया दौरा

**गंगाधर चौधरी**

**कोतमा।** देश के अनूपपुर जिले की नवीन नगर परिषद डोला जहाँ अभी नगर हित और लोक हित में कई कार्य होने लायक है जिसमें कुछ निर्माण कार्य की पहल हो चुकी है लेकिन अब भी बहुतायत कार्यों का होने की जरूरत साफ तौर पर दिखते नजर आती है? जिसे लेकर अक्सर यहाँ के नगर परिषद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष व पार्षद जन गहन चिंता में रहते हुये अपने नगर परिषद क्षेत्र का दौरा कर हालात को जानने की भी कोशिश करते रहते हैं उसी तारतम्य आने वाले ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रख जलापूर्ति की होने वाले विकराल समस्या को लेकर उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी और पार्षद पति महादेव गोस्वामी ने आपसी विचार कर अचानक हल्दीबाड़ी कॉलरी पहुँच कॉलरी अधिकारी डिप्टी मैनेजर डी.के.विश्वकर्मा एवं इंजीनियर एम.मेहर से मुलाकात कर जलापूर्ति के निवारण को लेकर चर्चा करते हुये साथ चलने का आग्रह कर तथा साथ ले जाकर भ्रमण कराते हुये जंगल के रास्ते चिन्हित स्थान पर हल्दीबाड़ी खदान से निकलने वाले पानी को कॉलरी के पाइप लाइन द्वारा बस्ती के नजदीक सटे जंगल में बने गड्ढ या पानी टंकी में पानी छोड़े जाने की अपील करते हुये जल्द इस समस्या के निपटान कराये जाने को लेकर बातचीत किया साथ ही उपाध्यक्ष श्री तिवारी जी ने साथ आये दोनो हल्दीबाडी कॉलरी अधिकारियों को इस कार्य के हो जाने से होने वाले उपलब्धियों से भी अवगत कराया और साथ रहे पत्रकार बंधु अमित कुमार बैस को भी इस विषय की विस्तृत जानकारी कॉलरी अधिकारियों के समक्ष दिया कि इससे सिर्फ कुछ वार्ड के लोग ही नहीं अपितु नजदीक वन के वन्य प्राणी और वन में लगे छोटे पौधों तथा बड़े वृक्षों को भी पानी मिलेगा? जिससे यह वनक्षेत्र भी लाभान्वित होगा? जिसके बाद दोनो कॉलरी अधिकारियों द्वारा उपाध्यक्ष और पार्षद पति की चर्चाओ को सुनकर हामी भरते हुये



जल्द ही इस कार्य को किये जाने को लेकर बात कही?

### इनका कहना है

नगर विकास के दिशा में हमारा प्नयास जारी है जिसे लेकर हम कॉलरी अधिकारियों से भी चर्चा में हैं ताकि कुछ कार्य में कॉलरी का भी सहयोग परिषद को मिल सके?

**रीनू सुरेश कोल,अध्यक्ष नगर परिषद डोला**

हमारे द्वारा नगर हित मे दृष्टिगत रखते हुये सोच विचार कर आपसी बातचीत में कई कार्यों को किये जाने को लेकर रुपरेखा तैयार किया गया है जो जल्द ही सभी नगरवासियों को दिखाई देगा?

**रविशंकर तिवारी,उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला**

ग्रीष्म ऋतु आने को है जिसमें नगर के कुछ वार्डो में जलापूर्ति को लेकर लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है उसी दिशा में नगर क्षेत्र में मौजूद हल्दीबाड़ी कॉलरी अधिकारियों के साथ बातचीत कर सर्वे कराया गया और अधिकारियों द्वारा समस्या के निदान कराये जाने आश्वास्न दिया गया है?

**महादेव गोस्वामी, पार्षद पति, वार्ड क्रमांक 03, नगर परिषद डोला**

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद केंद्रीय वित्त मंत्री के छत्तीसगढ़ को थमाया झुनझुना शिवसेना

**छत्तीसगढ़।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद मल्होत्रा ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के टैब से कल हवा-हवाई वाला चुनावी बजट निकला। इस बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ-न-कुछ है, इस बात का आभास कराया गया। परंतु जब हकीकत में इस बजट का गहन अध्ययन किया गया तो वह एक बेकार बजट से ज्यादा कुछ नजर नहीं आया। लोगों को उम्मीद थी कि चुनाव पहले का यह आखिरी पूर्ण बजट होने के कारण देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को सुधारने की दिशा में मोदी सरकार कोई ठोस कदम उठाएगी। पर आर्थिक जानकारों का मानना है कि ऊपर से भले ही यह लोकलुभावन बजट नजर आ रहा है पर असलियत में यह एक अर्थहीन संकल्प से ज्यादा कुछ नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव के पहले मोदी सरकार ने कल अपना आखिरी पूर्ण बजट पेश किया है। इस बजट को देखकर यह कहने में कोई हिचक नहीं हो सकती कि यह एक चुनावी बजट है। सरकार का पूरा ध्यान मध्यम वर्ग को आकर्षित करने पर रहा और उसने इनकम टैक्स में छूट का स्लैब बढ़ा दिया है। इसे 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख कर दिया गया है। मगर इसका विस्तृत अध्ययन करने पर पता चलता है कि इनकम टैक्स में छूट एक छलावा है। ऐसा इसलिए क्योंकि पुराने रिजीम से इनकम टैक्स रिटर्न भरने पर यह छूट नहीं मिलेगी। शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद मल्होत्रा ने कहा कि आम आदमी की आंखों में धूल झोंकने के लिए सरकार देश



में इनकम टैक्स रिटर्न के दो नियम चला रही है। नया नियम तीन साल पहले लागू किया गया था मगर सरकार ने पुराने नियम या रिजीम को खत्म नहीं किया। पुराने नियम में 80सी समेत कई मदों में छूट मिलती है इसलिए अधिकांश मध्यम वर्ग पुराने रिजीम से ही रिटर्न भरता है, ताकि उसे इन छूटों का लाभ मिलता रहे, जबकि नए रिजीम में इनमें से काफी छूट नहीं मिलती इसलिए यह ज्यादा लोकप्रिय नहीं है। अब सरकार कोशिश कर रही है कि लोग नए रिजीम के तहत रिटर्न भरें। इसके लिए सरकार ने छूट का स्लैब बढ़ाने का लॉलीपॉप तो फेंका है, पर उसमें कई कटौती उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए टैक्स मामलों के जानकारों का कहना है कि अगर आप पुराने टैक्स रिजीम में हैं तो फिर इस बजट में आपके लिए कुछ भी नहीं है। बता दें कि मोदी सरकार ने कल आम बजट में नए टैक्स रिजीम का एलान किया है। मध्यम वर्ग की मांग थी कि उन्हें टैक्स में छूट दी जाए। वित्त मंत्री ने पिछले साल कहा भी था कि वो मध्यम वर्ग पर पड़नेवाले बोझ को समझ रही हैं, लेकिन नए टैक्स रिजीम के आने से पुराने रिजीम के टैक्सपेयर्स इस सोच में डूबे हैं कि आखिर उन्हें इस बजट से क्या मिला?

### नए इनकम टैक्स स्लैब से लोग हुए भ्रमित!

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद मल्होत्रा ने कहा कि नए टैक्स स्लैब के एलान के बाद लोगों के बीच भ्रम की स्थिति बन गई है। सबसे बड़ी असमंजस की स्थिति इस बात को लेकर है कि पुराने टैक्स रिजीम को ही चुना जाए या नए में दाखिल हुआ जाए? ऐसे में टैक्स एक्सपर्ट्स का कहना है कि नए टैक्स रिजीम के तहत लोगों को छूट दी है। बता दें कि 7 लाख रुपए तक की सालाना आय टैक्स फ्री है। लेकिन सात लाख से अधिक आय टैक्सेबल है। 0 से 3 लाख रुपए की आय पर कोई टैक्स नहीं है। 3 से 6 लाख रुपए तक 5 फीसदी, 6 से 9 लाख तक 10 फीसदी, 9 से 12 लाख पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख पर 20 फीसदी और 15 लाख से ऊपर की आय पर 30 फीसदी इनकम टैक्स वसूला जाएगा। 6 से 9 लाख रुपए की आमदनी पर पहले 60 हजार रुपए का टैक्स लगता था, जो कम होकर 45,000 रुपए हो गया है। पहले 2.5 लाख रुपए तक टैक्स प्रसी था। 2.5 लाख से 5 लाख तक 5 फीसदी था। 5 से 10 लाख तक 20 फीसदी और 10 लाख से ऊपर 30 फीसदी टैक्स था। पुराने टैक्स रिजीम के तहत टैक्सपेयर्स को 80सी के तहत निवेश पर छूट मिलती है। यह छूट नए रिजीम में नहीं मिलेगी। इस बजट में पुराने रिजीम वाले टैक्सपेयर्स के लिए किसी भी तरह का कोई एलान नहीं हुआ है। सरकार का कहना है कि अगर आपकी सालाना आमदनी सात लाख रुपए से अधिक है, तो आप खुद-ब-खुद नई टैक्स रिजीम में दाखिल हो जाएंगे। अगर कोई इसमें शिफ्ट नहीं होना चाहता है, तो उसे फॉर्म भरना पड़ेगा। पहले नए टैक्स रिजीम को चुनने के लिए टैक्स भरना पड़ता था। शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नए टैक्स स्लैब का एलान इसलिए किया है, क्योंकि टैक्सपेयर्स जो 80सी के तहत पैसे का निवेश करते हैं, उस पर सरकार को ब्याज देना पड़ता है। अब सरकार पर ब्याज का बोझ बढ़ता ही जा रहा है और राजस्व घाटा भी बढ़ रहा है। इसलिए कम-से-कम लोग 80सी के तहत छूट का फायदा ले सकें इसलिए सरकार ने नए रिलीज का लॉलीपॉप दिखाया है। बजट में छत्तीसगढ़ राज्य के परिपेक्ष्य में बात करें तो कोई विशेष पैकेज़ या योजना छत्तीसगढ़ के लिए नही बनाई गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होम के बावजूद वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ियों को मात्र झुनझुना पकड़ा थमा दिया है।

## संपादकीय

# जो भी भारत में पैदा हुआ है वह आखिर हिंदू नहीं तो फिर कौन है?



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इतिहास का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पृष्ठ पलटकर सारे देश को दिखा दिया है। उन्होंने 'केरल हिंदू ऑफ नार्थ अमेरिका' नामक संस्था को संबोधित करते हुए कहा कि प्रसिद्ध मुस्लिम नेता और बड़े चिंतक सर सय्यद अहमद खान ने अब से लगभग डेढ़ सौ साल पहले आर्य समाज की एक सभा में यह बात दो-टूक शैली में कही थी कि उन्हें अपने आप को हिंदू कहने में जरा भी संकोच नहीं है। उन्होंने सभी श्रोताओं से कहा कि आप चाहें तो मुझे हिंदू ही कहें, क्योंकि जो आदमी भारत में पैदा हुआ है, जो व्यक्ति यहां का अन्न खाता है और यहां की नदियों का पानी पीता है, वह हिंदू नहीं है तो कौन है? उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द का धार्मिक अर्थ निकालना गलत है। हिंदू शब्द तो शुद्ध भौगोलिक है। हिंदू शब्द की व्याख्या करते हुए यही बात मैंने अपने ग्रंथ ''भाजपा, हिंदुत्व और मुसलमान'' में विस्तार से प्रतिपादित की है। सच्चाई तो यह है कि हिंदू या हिंदुत्व शब्द भारत के किसी भी धर्मग्रंथ में नहीं हैं। मैंने वेद, उपनिषद्, दर्शन ग्रंथ और पुराण ग्रंथ भी पढ़े हैं। इन सभी ग्रंथों में यहां तक कि रामायण और महाभारत में भी हिंदू शब्द कहीं नहीं आया है। भारत के निवासियों के लिए प्रायः आर्य शब्द का ही प्रयोग होता रहा है। वास्तव में हिंदू शब्द का प्रयोग अरब और फारस के मुसलमानों ने पहली बार किया है। वास्तव में हिंदू शब्द के इस्तेमाल की उत्पत्ति हम खोजने लगें तो हमें यह मानना पड़ेगा कि यह इस्लामी शब्द है लेकिन इसका इस्लाम से कुछ लेना देना नहीं है। यह मजहबी नहीं, भौगोलिक शब्द है।

# सचिन पायलट के धीरज ने जवाब दिया तो बढ़ जायेगी अशोक गहलोत की मुश्किल

*सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान से इस बात को लेकर भी गहरी नाराजगी है कि कांग्रेस पर्यवेक्षकों के सामने समानांतर मीटिंग बुलाने के दोषी कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल, सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी व पर्यटन निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस दिए हुए करीबन साढ़े तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। इतना ही नहीं उस घटना के दोषी तीनों ही नेता पार्टी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। पायलट कई बार कारण बताओ नोटिस देने वाले नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग कर चुके हैं।*

राजस्थान में सचिन पायलट की लगातार अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट को बार-बार आश्वासन दे रहा है कि उन्हें उचित मान सम्मान मिलेगा। प्रदेश की राजनीति में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मगर कांग्रेस आलाकमान द्वारा पायलट को ताकतवर बनाने की दिशा में अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे सचिन पायलट का भी धीरज जवाब देने लगा है। इसीलिए वह एक बार फिर मुखर होकर बयान देने लगे हैं।

कुछ दिनों पूर्व सचिन पायलट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पंजाब में राहुल गांधी से मिलकर राजनीतिक चर्चा की थी। उसके बाद लौटकर उन्होंने राजस्थान में जाट बहुल नागौर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, पाली व जयपुर में बड़ी-बड़ी जनसभाएं कीं और वह अप्रत्यक्ष रूप से गहलोत सरकार पर निशाना साध रहे हैं। पायलट की सभाओं में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहें हैं। हर जगह पायलट ने बेरोजगारों, युवाओं, किसानों, दलितों व पीड़ितों के पक्ष में बातें रखकर गहलोत सरकार को घेरने का काम किया है। सचिन पायलट की जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ को देखकर गहलोत के हाथ पांव फूल गए। उन्होंने अपने मंत्रियों को तुरंत प्रदेश के दौरे पर रवाना कर जन समस्याओं को सुलझाने के निर्देश दिए हैं। पायलट को यह बात अच्छी तरह समझ में आ चुकी है कि गहलोत के सामने कांग्रेस आलाकमान बेबस हो रहा है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी चाहे पायलट के धैर्य की कितनी भी तारीफ करें। गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनको कुछ भी मिलने वाला नहीं है। पायलट जान चुके हैं कि फिलहाल गांधी परिवार उन्हें सिर्फ दिलासा के अलावा और कुछ नहीं दे सकता है। मुख्यमंत्री गहलोत पायलट को बार-बार कांग्रेस से बगावत करने वाले नेता के तौर पर कठघरे में खड़ा करते रहते हैं। मगर गहलोत द्वारा स्वयं ही पार्टी आलाकमान के निर्देशों को नहीं मानकर खुलेआम बगावत करने की घटना को गहलोत मात्र एक छोटी-सी भूल बताकर उस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहते हैं। गहलोत समर्थक विधायकों द्वारा 25



सितंबर 2022 को जयपुर में कांग्रेस पर्यवेक्षक मलिकार्जुन खरगे व अजय माकन की उपस्थिति में कांग्रेस विधायक दल के समानांतर कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल के घर पर अलग से विधायकों की मीटिंग आयोजित कर विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंपने की घटना को गहलोत सिर्फ माफी मांग कर समाप्त कर देना चाहते हैं। उस घटना के बाद गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी मांग कर अपने को पाक साफ कर लिया था। जबकि सचिन पायलट को गहलोत अभी तक भी गुनाहगार मानते आ रहे हैं।

सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान से इस बात को लेकर भी गहरी नाराजगी है कि कांग्रेस पर्यवेक्षकों के सामने समानांतर मीटिंग बुलाने के दोषी कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल, सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी व पर्यटन निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस दिए हुए करीबन साढ़े तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। इतना ही नहीं उस घटना के दोषी तीनों ही नेता पार्टी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। पायलट कई बार कारण बताओ नोटिस देने वाले नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग कर चुके हैं। उसके उपरांत भी अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे पायलट को लगता है कि मुख्यमंत्री गहलोत के दबाव में कांग्रेस आलाकमान इन तीनों नेताओं के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई को टाल रहा है। जबकि सचिन पायलट ने जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कार्यशैली के खिलाफ बगावत की थी तब उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री के पद से तथा उनके समर्थक तीन मंत्रियों- महाराजा विश्वेंद्र सिंह, रमेश मीणा, मुरारी लाल मीणा को तत्काल पद से बर्खास्त कर दिया गया था। पायलट की नजरों में उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है।

पायलट समर्थक सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा का कहना है कि 2013 में अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ा गया था। जिसमें कांग्रेस 200 में से महज 21 सीटों पर ही चुनाव जीत सकी थी। जबकि 2018 में सचिन पायलट कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। तब कांग्रेस ने वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते 100 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। ऐसे में उस वक्त 200 में से 21 सीट जीतने वाले को तो मुख्यमंत्री बना दिया गया था। जबकि 200 में से 100 सीट जीतने वाले को उपमुख्यमंत्री ही बनाया गया था। पायलट के साथ उस समय किया गया भेदभाव अभी तक जारी है। अब तो पायलट समर्थक भी मानने लगे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत ही अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश करेगें। ऐसे में पायलट के मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें राजनीतिक रूप से कोई भी लाभ मिलने वाला नहीं है। इसीलिए सचिन पायलट ने अपनी रणनीति बदल ली है। हालांकि सचिन पायलट के पास सत्ता नहीं रहने का कारण उनके पास विधायकों की कम संख्या होना है। विधायकों की संख्या के बल पर ही मुख्यमंत्री गहलोत आलाकमान से अपनी हर बात मनवा लेते हैं। ऐसे में सचिन पायलट का पूरा फोकस युवा वर्ग पर हो गया है। सचिन पायलट गहलोत शासन में सरकारी परीक्षाओं के लगातार पेपर आउट होने पर खुलकर विरोध जता रहे हैं। पायलट ने तो यहां तक कह दिया कि पेपर नकल करवाने वाले गिरोह के सरगनाओं को नहीं पकड़ा जा रहा है।

राजस्थान में पिछले 4 साल में 14 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। ऐसे में सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी करने वाले नौजवानों के साथ बड़ा धोखा हो रहा है। पायलट का मानना है कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि पेपर तिजोरी में बंद रहते हैं तो फिर बंद तिजोरी से पेपर कौन से जादू के बल पर आउट हो रहे हैं। सचिन पायलट द्वारा यह एक तरह से सीधा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा जा रहा है। पायलट के बयानों को युवाओं में भारी समर्थन मिल रहा है। इसी के चलते पायलट जहां भी जाते हैं, बड़ी संख्या में नौजवान उनका समर्थन करने पहुंच रहे हैं। हाल ही में पायलट ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बहाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोला है। पायलट ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में हमने प्रदेश की जनता से वायदा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाई जाएगी। मगर चार साल बीत जाने के बाद भी वसुंधरा राजे के खिलाफ आज तक किसी भी तरह की कोई जांच नहीं की गई है। वसुंधरा राज के जिन घोटालों पर हमने आरोप लगाए और जिनके सबूत हैं, उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि केंद्र सरकार गांधी परिवार को बेवजह परेशान कर रही है और राजस्थान में हमारी सरकार बीजेपी राज के घोटालों पर कार्रवाई नहीं करती?

# रामचरितमानस विवाद को दूसरा मंडल-कमंडल बनाना चाहते हैं अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की रामचरितमानस पर एक विवादित टिप्पणी के बाद राजनीति के गलियारों में यह बात बड़े जोरों शोरों से फैलाई जा रही थी कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने बड़बोले नेता स्वामी के बयान से काफी नाराज हैं और उनके खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं। यह खबर बाकायदा मीडिया में भी खूब चली थी, यहां तक कि सपा की एक नेत्री ने तो स्वामी को बसपा का एजेंट बता दिया था। कुछ समय पूर्व समाजवादी पार्टी में लौट कर आए शिवपाल यादव ने रामचरितमानस पर स्वामी के बयान को उनकी निजी राय बताते हुए पार्टी की तरफ से पल्ला झाड़ लिया था, लेकिन दस दिन भी नहीं बीते होंगे कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस विवादित शख्स स्वामी प्रसाद के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाय उन्हें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठा कर यह साबित कर दिया है कि उनके लिए राजनीति से इतर कुछ भी नहीं है। अपनी राजनीति चमकाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। इसीलिए तो पहले अपने पिता-चाचा का



अपमान करने वाले अखिलेश यादव को उनकी अपनी ही पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की रामचरितमानस पर की गई विवादित टिप्पणी में कुछ बुरा नहीं लगा होगा अन्यथा वह स्वामी प्रसाद मौर्य को इतनी जल्दी पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नहीं बना देते।

वैसे यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि समाजवादी पार्टी का उत्थान ही भगवान राम का अपमान करने से हुआ है। पिता मुलायम सिंह यादव राम भक्तों पर गोली चलाने के लिए अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते थे तो बेटा अखिलेश यादव उन लोगों की पैरोकारी कर रहा है जो रामचरितमानस को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। कुल मिलाकर समाजवादी पार्टी का चाल चरित्र चेहरा ऐसा ही है। आज जिस तरह से हिंदुओं के धर्म ग्रंथों के खिलाफ खिलाफ स्वामी प्रसाद मौर्य बोल रहे हैं, वैसे ही कभी आजम खान, सपा सांसद शफीक उर-रहमान बर्क और मुरादाबाद के सांसद एसटी हसन जैसे तमाम नेता बोलते रहते हैं। हिंदुओं को बांट और लड़ा कर ही यह पार्टी सत्ता में आती है और तुष्टीकरण की सियासत करती है। ईद के दौरान इफ्तार के समय मुस्लिम लबादा ओढ़कर वहां पहुंच जाना समाजवादी नेताओं की दिनचर्या बन जाती है।

पिछले करीब एक दशक, जबसे मोदी ने हिंदुओं को एकजुट किया है, तबसे हिंदुओं को बांटने में यह पार्टी सफल नहीं हो पाई, तो सत्ता भी इसके हाथों से खिसक गई। इस पार्टी के नेता आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमे वापस लेते हैं, बलात्कार की घटनाओं पर कहा जाता है कि लड़कों से गलती हो जाती है, तो उसे फांसी थोड़ी दे दी जाएगी। सत्ता में रहकर कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल के लिए पैसा बांटते हैं। हिंदू कन्याओं को छोड़कर मुस्लिम लड़कियों को वजीफा देते हैं।

# 05 फरवरी से प्रारंभ होगी विकास यात्रा समय सीमा बैठक आयोजित

गेहुं उपार्जन के पंजीयन 06 फरवरी से प्रारंभ होगे। जिले में 86 खरीदी केन्द्र बनाए जाएगें। सभी केन्द्रों पर सम्पूर्ण व्यवस्था जिला खाद्य अधिकारी एवं नान करें। यह निर्देष कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने समय-सीमा बैठक में दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रोषनी वर्धमान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मौजूद रहें।

बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना में आए आवेदनों की तहसीलवार तहसीलदारों से समीक्षा की एवं सभी को निर्देषित किया कि यह प्रमाण पत्र दे कि आपके क्षेत्रा अधिकार में कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहा है। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देषित किया कि 03 फरवरी, 2023 को विदिषा में माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा जनसेवा अभियान में योजनाओं का लाभ पाने वाले हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरीत किए जाएगें। जिले से 4 हजार हितग्राही विदीषा कार्यक्रम में भाग लेंगे।



हितग्राहियों को आने-जाने में कोई समस्या न हो यह सुनिष्चित करें। साथ ही उन्होंने 05 फरवरी, 2023 से प्रारंभ हो रही विकास यात्रा कि तैयारियों के संबंध में आवष्यक दिषा-निर्देष दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देष दिए कि गत दिवस कलेक्टर द्वारा राजगढ़ जनपद के ग्राम बगा में निरीक्षण किया गया था। वहां ग्रामीणों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ ए.एन.एम. श्रीमती खान केन्द्र पर नहीं आती है और न ही समय-समय पर बच्चों को टीका लगाती है। उन्होंने ए.एन.एम. को निलंबित करने के निर्देष दिए। उन्होंने सभी नगर पालिका अधिकारी को निर्देष दिए कि सिंगल यूस पॉलिथिन बैन है। पॉलिथिन वालो पर जुर्माना अधिरोपित करें। इस अवसर पर जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत दिलाया संकल्प



**रायसेन**

देश को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों को देश-प्रदेश को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने तथा हर संभव प्रयास करने का संकल्प दिलाया गया। जिस प्रकार हम पहले अपने देश को चेचक और पोलियो मुक्त बनाया है, उसकी तरह अपने देश को कुष्ठ मुक्त भी बनाएंगे। सभी संकल्प लें कि कुष्ठ रोग से लड़ेंगे तथा कुष्ठ रोग को एक इतिहास बनाएंगे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर आदित्य रिछारिया, डिप्टी कलेक्टर मकसूद अहमद, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर दुबे ने नागरिकों से भी अपील की है कि अपने जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग आसानी से पहचानी जाने एवं ठीक होने वाली बीमारी है। जिले में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए समस्त कुष्ठ रोगियों को खोजने में सहयोग करेंगे एवं जल्द से जल्द पूर्ण उपचार करने का प्रयास करेंगे। साथ ही कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नहीं करने की शपथ लें, जिससे कुष्ठ रोग से पीड़ित रोगी समाज की मुख्य धारा में जुड़कर अपने जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में चलाए जा रहे स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत भी 30 जनवरी से 13 फरवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में नागरिकों के मध्य अपील एवं संकल्प का वाचन कर कुष्ठ की सामान्य जानकारी दी जाएगी। जिले में आशा तथा एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर गृह भेंट कर कुष्ठ की जानकारी दी जाएगी। गृह भेंट के दौरान संभावित कुष्ठ रोगियों को सूचीबद्ध करके लाईन लिस्टिंग खण्ड चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से जिला स्तर तक पहुंचाई जाएगी। कुष्ठ मायक्रोबेक्टीरिया लेप्रे/जीवाणु से होने वाली बीमारी है। यह अनुवांशिक रोग नहीं है तथा छुआछूत का रोग भी नहीं है। इस रोग की शुरूआत में पहचान/जांच करवा ली जाए तो यह पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है एवं शारीरिक विकलांगता से बचाया जा सकता है। कुष्ठ की जांच एवं इलाज सभी सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क उपलब्ध हैं। अगर किसी व्यक्ति में शरीर के रंग से हल्के फीके दाग-धब्बे, हाथ-पैरों में झुनझुनाहट, चेहरे में तैलिया, तामिया चमक, शरीर में गठान है तो ऐसे व्यक्ति कुष्ठ से संभावित हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य कर्मचारी, कुष्ठ कार्यकर्ता, आशा या आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करें जिससे कि उपचार प्रारंभ हो सके। नागरिक कुष्ठ पीड़ितों से भेदभाव ना करें एवं अन्य किसी नागरिक द्वारा भी भेदभाव ना होने दें एवं अपने गॉव, पंचायत, जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने में सहयोग करें।

## कलेक्टर दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

# कलेक्टर और एसपी ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात नियमों का पालन कराने अधिकारियों को दिए निर्देश

**विदिशा**




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने हेतु चलाए जा रहे अभियान, गतिविधियों की समीक्षा की गई। उन्होंने गत बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक दुर्घटना वाले सड़क मार्गो

> **जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने हेतु चलाए जा रहे अभियान, गतिविधियों की समीक्षा की गई।**

पर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पाट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की जा रही कार्यवाही की भी जानकारी ली। कलेक्टर दुबे ने कहा कि स्कूल, कॉलेजों की छुट्टी होने पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी निकलते हैं। इस दौरान यातयात व्यवस्था बाधित ना हो तथा किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना ना हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किए जाएं। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी जाए एवं आवश्यक होने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों के प्रमुख मार्गो तथा अधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर सीसीटीवी लगाए जाने संबंधी जानकारड्डी ली। कलेक्टर दुबे ने कहा कि अधिकतर वाहन दुर्घटनाओं में चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण मृत्यु या गंभीर चोट की स्थिति बनती है। इसके दृष्टिगत शासन द्वारा दो पहिया वाहन चालक के साथ पीलियन राईडर/वाहन के पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट लगाना अनिवार्य है। इसका सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही जागरूकता कार्यक्रमों माध्यम से लोगों नियमों का पालन करने की समझाईश भी दी जाए। उन्होंने स्कूल, कॉलेजों में यातायात जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने, पेट्रोल पम्पों पर भी जागरूकता फ्लैक्स लगाने तथा ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम लगाए जाने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल ने कहा कि पुलिस तथा यातायात अमले द्वारा सम्पूर्ण जिले में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने, जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अनेक बस ड्राईवरों द्वारा लापरवाही पूर्वक तथा अधिक स्पीड में बस चलाई जा रही है। ऐसे बस ड्राईवरों तथा संचालकों पर कार्यवाही करें। साथ ही ओवरलोड यात्री वाहनों तथा मालवाहक वाहनों पर भी कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक शहवाल ने बसों के ड्राईवरों का नेत्र परीक्षण कराए जाने के निर्देश सीएमएचओ तथा जिला परिवहन अधिकारी को दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा द्वारा गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर अभी तक की गई कार्यवाही, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की पावर प्लाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, अपर कलेक्टर आदित्य रिछारिया सहित पुलिस, यातायात, परिवहन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# तीन फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में एक लाख से अधिक हितग्राही लाभांवित होंगे



**विदिशा**

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत भोपाल, उज्जैन एवं सागर संभाग के जिलो का संयुक्त सम्मेलन विदिशा में तीन फरवरी को आयोजित किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी द्वारा सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के पात्रताधारियों को राशि विदिशा में आयोजित कार्यक्रम स्थल से जारी की जाएगी। नवीनतम लाड़ली बहना योजना की भी जानकारी हितग्राहियों को दी जाएगी। कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने विदिशा में तीन फरवरी को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी सोमवार को मीडियाकर्मियों से संवाद कर उन्हें दी है। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि विदिशा जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भोपाल एवं सागर संभाग के हितग्राही मौजूद रहेंगे जबकि उज्जैन संभाग के हितग्राही वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख सकेंगे। कलेक्टर श्री भार्गव ने आयोजन के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर करीब एक लाख हितग्राही उपस्थित होंगे। हितग्राहियों को लाने ले जाने के प्रबंधो पर भी उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दी इसके अलावा कार्यक्रम स्थल नवीन कृषि उपज मंडी मिर्जापुर तक वाहनो के पहुंचने, पार्किंग स्थलों के साथ-साथ इन स्थलों पर अस्थायी शौचालयों, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यानगत रखते हुए किए जाने वाले प्रबंधों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उल्लेखित स्थलों पर आयोजन तिथि को मंडी परिसर क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेंगी।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों की जांच कर दिया गया उचित परामर्श



**विदिशा**

शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ैयाखेड़ा में आज सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवराम सिंह कुशवाह के निर्देशानुसार टीकाकरण अधिकारी एवं अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके शर्मा एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारियों के समन्वय से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों की जांच उपचार के साथ-साथ उचित परामर्श दिया गया। स्वास्थ शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन-अर्चना कर एवं उनके चित्र के समक्ष दीप प्रजज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती सपना जैन, श्री राजेश जैन के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवराम सिंह कुशवाहा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डीके शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी क्रमांक 2 डॉ हंसा शाह, करैया खेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ आशा देशमुख, श्री जीवनराम चंदेल, श्री नीरज शर्मा समेत स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ, शहरी आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर जिले की सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 30 जनवरी से 4 फरवरी 2023 तक आयोजित किए जाएंगे। जिसमें अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सक जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, शामिल है के विशेष एक चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदाय करेंगे। 2 फरवरी को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मातृ स्वास्थ्य, शिशु रोग एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की जाएंगी। 31 जनवरी एवं 3 फरवरी को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में असंचारी रोग, मानसिक रोग एवं त्वचा रोग की जांच उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा।







दिलीप वेंगसरकर के अनुसार

# रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 में बड़े टूर्नामेंट खेलते रहेंगे : वेंगसरकर

एजेंसी ■ मुम्बई

जहां अनुभवी खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली को टी20 प्रारुप से बाहर किये जाने की बातें हो रहीं हैं। वहीं पूर्व कप्तान और चयनकर्ता रहे दिलीप वेंगसरकर के अनुसार रोहित और विराट टीम को अहम हिस्सा हैं और उन्हें बनाये रखना चाहिये। हाल के दिनों में टीम प्रबंधन युवाओं को प्राथमिकता दे रही है और उसका कहना है कि अगले विश्वकप तक रोहित और विराट की उम्र अधिक हो जाएगी पर वेंगसरकर का कहना है कि ये दोनो फिट हैं और उम्र कोई बड़ा कारक नहीं है। वेंगसरकर ने कहा युवा खिलाड़ियों के लगातार आने के बावजूद दोनों खिलाड़ियों की टीम में जगह सुरक्षित है। दोनों ने भारतीय टीम के लिए बहुत कुछ किया है दोनों फिट हैं और उनमें अब भी काफी क्रिकेट बचा है। ऐसे में मुझे लगता है कि जब बड़े इवेंट होंगे दोनों टी20 टीम में वापसी करेंगे। वे भारत के टेस्ट टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और मुझे भरोसा है कि दोनों आगे भी खेलते रहेंगे। मैं दोनों का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को भविष्य के बारे में चिंतन करना चाहिए। उम्र कोई मानक नहीं हो सकता है और रोहित और विराट मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह से नेशनल टीम में खेलने योग्य हैं। उन्होंने कहा वर्तमान में भारतीय क्रिकेट वर्ल्ड की बेस्ट क्रिकेट है। ये बदलाव आइपीएल के कारण आया है जिससे काफी अच्छे युवा खिलाड़ी निकल कर सामने आ रहे हैं।



## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अश्विन और जडेजा से सावधान रहना होगा : इयान चैपल

*मेलबोर्न । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इयान चैपल के अनुसार भारत दौरा उनकी टीम के लिए आसान नहीं रहेगा। चैपल के अनुसार कप्तान पैट कमिंस की टीम के लिए इस दौरे में टेस्ट सीरीज कठिन रहेगी। इसका कारण भारतीय टीम को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा इसके अलावा उसके पास रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे स्पिनरों की जोड़ी है। चैपल ने कहा है कि इस टीम में शामिल खिलाड़ियों में बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के अलावा किसी अन्य का औसत भारत में 30 से अधिक नहीं है। उन्होंने साथ में कहा है कि घरेलू धरती पर अश्विन और जडेजा की स्पिन जोड़ी को खेलना आसान नहीं रहेगा। चैपल ने कहा,स्मिथ भारत में 30 से अधिक औसत वाले ऑस्ट्रेलिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं। ऐसे में बल्लेबाजी में सफलता हासिल करना ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होगा। वह इसलिए क्योंकि जडेजा अनुभवी अश्विन के साथ मिलकर गेंदबाजी करते हैं।वहीं चैपल ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के बारे में कहा कि स्पिनर नाथन लियोन पर भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को यह तय करने के लिए एक सही योजना बनानी होगी जिससे कि खिलाड़ियों का मनोबल बना रहे।इयान चैपल ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के स्पिन विभाग में नाथन लियोन एकमात्र अनुभवी स्पिनर हैं और यहां तक कि भारत में उनका औसत 30 से अधिक है। जबकि लियोन को लगता है कि उन्होंने उपमहाद्वीप में एक गेंदबाज के रूप में सुधार किया है उनका सहयोग एश्टन एगर और मिशेल स्वेपसन जैसे गेंदबाजों को करना होगा।*

हार्दिक पंड्या ने पृथ्वी शॉ को ट्रॉफी दी:

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में शॉ को एक भी मौका नहीं

**नई दिल्ली।**भारत के टी-20 कप्तान हार्दिक पंड्या ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के डिसाइडिंग मैच में न्यूजीलैंड को हराने के बाद पृथ्वी शॉ को टी-20 सीरीज की ट्रॉफी सौपी। हालांकि, पृथ्वी शॉ को सीरीज में एक भी मैच नहीं खिलाया गया। आखिरी बार जुलाई 2021 में एक खेला था। तीन मैचों की सीरीज़ से पहले, कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि शॉ को अपने मौके का इंतजार करना होगा क्योंकि गिल अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। टीम इंडिया ने तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। अहमदाबाद में हुए सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने शुभमन गिल (नाबाद 126 रन) के इस फॉर्मेट में पहले शतक की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 234 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 12.1 ओवर में 66 रन के स्कोर पर ऑलराउट हो गई।

## सरफराज को अब टीम में चयन की परवाह नहीं : अश्विन

एजेंसी ■ मुम्बई

घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद दी युवा बल्लेबाज सरफराज खान को भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने पर दिग्गज क्रिकेटरों ने नाराजगी जतायी है। इसी मामले पर अब अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि सरफराज ने रणजी ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से चयन के लिए अपने को साबित कर दिया है। उसके बाद भी अगर उन्हें शामिल नहीं किया जाता वह भी अपनी ओर से परवाह नहीं करते है। अश्विन ने कहामैं इस बल्लेबाज के बारे में क्या कहूं। साल 2019-20 सत्र में उन्होंने 900 रन बनाए इसके बाद 2020-21 सत्र में भी 900 रन बनाए और इस सत्र में उन्होंने लगभग 600 रन बनाए हैं। पिछले तीन सत्र में उनका औसत 100 से अधिक है और साथ ही उनका स्ट्राइक-रेट भी काफी अच्छा है। उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ ही चयन के दरवाजे तोड़े ही नहीं बल्कि जला दिए हैं और अब उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं है। विशेषज्ञों में उनके चयन को लेकर काफी चर्चा हो रही है और सरफराज को चयन की कोई चिन्ता अब नहीं रही है। यह इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलने के बाद भी उसने दिल्ली के खिलाफ एक एक शानदार पारी खेली।इससे पहले पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी बल्लेबाज सरफराज की उपेक्षा के लिए चयन समिति की आलोचना की थी।




## हार्दिक की शिकायत के बाद पिच क्यूरेटर बर्खास्त



एजेंसी ■ मुम्बई

भारत और न्यूजीलैंड के बीच लखनऊ में हुए दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में खराब पिच के लिए क्यूरेटर पर गाज गिरी है। इस पिच पर दोनो ही टीमें रन नहीं बना पायीं थीं। इसके बाद भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि टी20 मैचों के लिए ऐसी पिचें नहीं होनी चाहिये। हार्दिक के अलावा पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और कई दिग्गजों ने भी इस पिच को सही नहीं बताया था। दोनो ही टीमों के लिए इकाना की पिच पर 100 रन बनाने भी मुश्किल हो गये। भारतीय टीम ने किसी प्रकार यह मैच जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल की। मैच के बाद पिच को लेकर सवाल उठे। इसी को देखते हुए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिशन (यूपीसीए) ने पिच क्यूरेटर को बर्खास्त कर दिया है। हार्दिक ने इस पिच को सदमा देने वाला विकेट करार दिया था। इस विकेट पर 39.5 ओवर में कुल 200 रन बने। हार्दिक ने इससे पहले रांची के जेएससीए स्टेडियम की पिच को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की थी। पंड्या ने कहा था कि दोनों मैचों में विकेट टी20 मैच के लायक नहीं था। सूत्रों के मुताबिक इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर ने इस मुकाबले के लिए काली मिट्टी वाली दो पिचें तैयार की थी। हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम प्रबंधन ने अंतिम समय पर क्यूरेटर से लाल मिट्टी वाली नया पिच तैयार करने को कहा था।

## ऋषभ को इसी सप्ताह अस्पताल से मिल सकती है छुट्टी

एजेंसी ■ मुम्बई

टीम इंडिया के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सर्जरी के बाद तेजी से उबर रहे हैं।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि ऋषभ को इसी सप्ताह अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। कार हादसे के बाद ऋषभ का इलाज पहले देहरादून के एक निजी अस्पताल मैक्स में हुआ। इकके बाद घुटने के लिगामेंट की सर्जरी के लिए उन्हें मुम्बई के कोकिलाबेन अस्पताल में लाया गया। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा है कि घुटने की सर्जरी से वह तेजी से उबर रहे हैं। डॉक्टरों की टीम का कहना है कि अगर सभी कुछ ठीक रहा तो उन्हें इस सप्ताह अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। दूसरी ओर ऋषभ ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट भी लिखी है इसमें उन्होंने अपनी रिकवरी के बारे में बताया है। इसमें ऋषभ ने लिखा मेरे लिए दुआ करने के लिए सभी को धन्यवाद। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद से सर्जरी सफल रही और उसके बाद से ही मैं तेज से ठीक हुआ हूं। आप सभी के प्यार से मुझे कठिन समय में ताकत मिली। सभी को धन्यवाद। गत माह 30 दिसंबर को अपने घर रूड़की जाते समय सुबह ऋषभ की कार एक डिवाइडर से टकरा गयी थी। इस हादसे में ऋषभ गंभीर रुप से घायल हो गये थे।



## विराट ने गिल को बताया भविष्य का सितारा: इंस्टाग्राम पर बधाई दी; शतकवीर शुभमन ने कोहली का ही रिकॉर्ड तोड़ा था

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 सीरीज के आखिरी मैच में युवा ओपनर शुभमन गिल ने नाबाद 126 रन की पारी खेली। इस मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 168 रन से हराया और 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। गिल को शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने गिल को पहला टी-20 शतक लगाने के बाद इंस्टाग्राम पर बधाई दी। उन्होंने गिल को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए भविष्य का सितार बताया।

**कोहली का ही रिकॉर्ड तोड़ा था:** शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 126 रनों की पारी खेल कर विराट कोहली का ही रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली ने भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में 122 रन की पारी खेली थी। यह भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ा निजी स्कोर था। गिल ने 126 रनों की पारी खेल उन्हीं का रिकॉर्ड तोड़ा।



**नेचुरल गेम खेला था:** मैच के बाद गिल ने टीवी पर हार्दिक पंड्या के साथ इंटरव्यू में कहा कि अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने कुछ अलग नहीं किया। सिर्फ अपना नेचुरल गेम खेला। ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है।

**देश के लिए थकान महसूस नहीं होती:** गिल ने कहा कि देश के लिए खेलते हुए उन्हें कोई थकान नहीं महसूस होती। जब आप अभ्यास करते हैं और इसका फल मिलता है, तो अच्छा लगता है।

### तब तक मौजूदा मीटर के साथ ही फिटनेस चेकिंग की जाए

# ऑटो रिक्शा फिटनेस जांच से पहले मीटर का फिटनेस सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य

एजेंसी ■ अहमदाबाद



गुजरातभर में दौड़ती ऑटो रिक्शा के लिए अब मीटर फिटनेस की जांच करवाकर सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य कर दिया है। राज्य के नापतौल विभाग के इस फैसले का ऑटो रिक्शा यूनियन विरोध शुरू कर दिया है। दरअसल राज्यभर में चलने वाले कॉमर्शियल वाहनों की समयांतर जांच करने के बाद आरटीओ उसे फिटनेस सर्टिफिकेट देता है। ऑटो रिक्शा के लिए समय मर्यादा में ऑटो रिक्शा के लिए आरटीओ से फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य है। लेकिन अब आरटीओ से फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त करने से पहले ऑटो रिक्शा के मीटर की जांच करानी होगी और उसका फिटनेस सर्टिफिकेट आरटीओ में पेश करना होगा। इस सर्टिफिकेट और मीटर नंबर की एन्ट्री की आरटीओ में ऑनलाइन दर्ज कराने के बाद ऑटो रिक्शा को फिटनेस सर्टिफिकेट मिलेगा। ऑटो रिक्शा में मिकेनिकल मीटर और इलेक्ट्रिक मीटर होते हैं। नई ऑटो रिक्शा नई खरीदने के दो साल बाद उसका प्रति वर्ष फिटनेस जांच कराना अनिवार्य है। अब ऑटो रिक्शा के मीटर फिटनेस की जांच कराना भी अनिवार्य कर दिया गया है। ताकि यह पता चल सके कि मीटर जम्प तो नहीं करता और वह सही आंकड़े बताता है या नहीं। मीटर फिटनेस की जांच के बाद उसका सर्टिफिकेट आरटीओ में अपडेट कराने का परिपत्र नापतौल विभाग जारी किया है। इलेक्ट्रिक मीटर और मिकेनिकल मीटर फर्क होता है। इलेक्ट्रिक मीटर में सरकारी सील होता है और उसकी जांच के बाद ही सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। इलेक्ट्रिक मीटर कंपनी द्वारा ही सेट किया जा सकता है।

जबकि मिकेनिकल मीटर के दांत घिसते रहने के कारण उसके आंकड़े जम्प कर सकते हैं। इसलिए नापतौल विभाग ने मीटर फिटनेस की जांच के बाद उसका सर्टिफिकेट आरटीओ में करना अनिवार्य कर दिया है। हालांकि राज्य सरकार के इस फैसले का ऑटो रिक्शा यूनियनों ने विरोध शुरू कर दिया है। यूनियनों की मांग है कि मीटर की जांच के लिए जब तक कोई केन्द्र नहीं बनाया जाता तब तक मौजूदा मीटर के साथ ही फिटनेस चेकिंग की जाए।

# मारुति सुजुकी इंडिया ने देश में 2.50 करोड़ वाहनों की बिक्री का आंकड़ा पार किया

एजेंसी ■ अहमदाबाद

जापानी ऑटो प्रमुख सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने सोमवार को कहा कि उसकी सहायक कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने इस महीने की शुरुआत में 2.5 करोड़ घरेलू बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है. मारुति सुजुकी इंडिया ने 9 जनवरी, 2023 को बिक्री का आंकड़ा हासिल किया. हाइब्रिड और सीएनजी मॉडल की कुल बिक्री लगभग 21 लाख वाहन है.जापानी ऑटो निर्माता ने कहा, मारुति सुजुकी सुरक्षा, उच्च विश्वसनीयता और पर्यावरण-मित्रता के साथ चिह्नित वाहनों को प्रदान करना जारी रखेगी और ऑटोमोबाइल उद्योग के सतत विकास में योगदान देगी.सुजुकी ने 1982 में मारुति सुजुकी के पिछले उद्योग मारुति के साथ एक संयुक्त व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए और दिसंबर 1983 में अपनी पहली कार - मारुति 800 - लॉन्च की थी.सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने एक बयान में कहा, वर्तमान में भारत में 17 मॉडल का निर्माण और बिक्री होती है और मारुति सुजुकी हाल ही में बढ़ते एसयूवी मॉडल में अपने पोर्टफोलियो को मजबूत कर रही है, साथ ही हाइब्रिड और सीएनजी मॉडल को लोकप्रिय बनाने के प्रयास भी कर रही है.मारुति सुजुकी इंडिया ने फरवरी 2012 में एक करोड़ की बिक्री का आंकड़ा हासिल किया, जुलाई का आंकड़ा पार कर लिया है।



# पीएफ निकालने पर अब लगेगा कम टैक्स

**नई दिल्ली।** बजट में सरकार ने हर वर्ग को राहत देने की कोशिश की है। सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में अधिकतम निवेश की सीमा को बढ़ाकर 30 लाख रुपए किया गया है तो वहीं महिलाओं के लिए 'महिला सम्मान स्कीम' शुरू करने की घोषणा की है। इसके अलावा बिना पैन के PF निकालने पर अब कम टैक्स देना होगा। हम आपको बजट में हुए बदलावों और नई योजनाओं के बारे में बता रहे हैं। प्रोविडेंट फंड (PF) से निकासी को लेकर टैक्स के नियम में बदलाव किया है। अब लंक्ड नहीं होने पर निकासी के दौरान 30% की जगह 20प्रतिशत लगेगा। यह नियम 1 अप्रैल 2023 से लागू होगा। बदले नियम का फायदा उन PF होल्डर्स को होगा, जिनका पैन अभी तक अपडेटेड नहीं है। वित्तीय बाजार जानकार सुचेता दलाल कहती हैं कि बजट में प्रोसेस को आसान बनाने का लक्ष्य रखा है। आने वाले दिनों में सरकार KYC की प्रक्रिया आसान बनाएगी। रिस्क के आधार पर KYC प्रोसेस होगी। बजट में वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार बैंकिंग कंपनीज एक्ट,एक्ट, IFSC एक्ट में बदलाव करेगी। KYC प्रोसेस को one size fits all के अप्रोच के बजाय रिस्क के आधार पर आसान किया जाएगा। फाइनेंशियल सेक्टर के नियामकों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जाएगा कि वो डिजिटल इंडिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए KYC प्रोसेस डेवलप करें।

# मुकाबले में खड़े स्कूटरों से नया हीरो जूम 110 कितना महंगा

### 8 बीएचपी ताकत और 8.7 एनएम का टार्क पैदा करता है.

एजेंसी ■ नई दिल्ली

110-सीसी स्कूटर सेगमेंट में हीरो जूम सबसे नया मॉडल है, इसे डिजिटल कंसोल, डिस्क ब्रेक्स और कॉर्नरिंग लाइट्स जैसे कई नए फीचर्स के साथ लॉन्च किया गया है। स्कूटर 110 सीसी, सिंगल सिलेंडर, एयर कूल्ड मोटर द्वारा संचालित है जो 8 बीएचपी ताकत और 8.7 एनएम का टार्क पैदा करता है। इसके मुख्य प्रतिद्वंद्वियों में होंडा डियो, टीवीएस जुपिटर, होंडा एक्टिवा स्मार्ट और हीरो का ही माएस्ट्रो एज शामिल हैं। हीरो जूम को 68,599 से लेकर शुरुआती (एक्स-शोरूम, दिल्ली) कीमत के साथ लॉन्च किया गया है।

इसके स्टाइलिश लुक्स और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि यह कुछ सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स के साथ आता है, हमें लगता है कि यह काफी प्रतिस्पर्धी कीमत है। एक नज़र इसके प्रतिद्वंदियों से इसकी तुलना पर डालते हैं इसका पहला प्रतिद्वंद्वी होंडा डियो है। डियो 110 सीसी मोटर द्वारा संचालित है जो 7.6 बीएचपी और 9 एनएम का टार्क पैदा करता है। इसमें एलईडी हेडलैंप, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल और 3-स्टेप इको इंडिकेटर जैसे कई फीचर्स शामिल हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर फीचर्स मानक रूप में नहीं आते हैं और केवल सबसे महंगे डीलक्स वैरिएंट में उपलब्ध हैं। डियो की कीमत 68,625 (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है और डीलक्स वैरिएंट के लिए 72,626 तक जाती है, जो इसे एक योग्य प्रतियोगी बनाता है। सूची में अगला स्कूटर टीवीएस जुपिटर है जो भारतीय बाजार में व्यापक रूप से सफल रहा है। जुपिटर में 110 सीसी का फ्यूल इंजेक्शन इंजन है, जो 7.7 बीएचपी की ताकत और 8.8 एनएम का टार्क पैदा करता है। जुपिटर की सबसे उपयोगी विशेषता इसका इंटेलिगो सिस्टम है जो विशिष्ट समय पर इंजन की शक्ति को स्वचालित रूप से काट देता है। जुपिटर की शुरुआती कीमत 69,990 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) है जो सबसे महंगे वैरिएंट के लिए 86,263 तक जाती है और हीरो ज़ूम से अधिक है। लॉन्च के बाद से जुपिटर के डिजाइन में न्यूनतम अपडेट देखा गया है एक्टिवा स्मार्ट इस सूची में अगला स्कूटर है। एक्टिवा अपनी बहुमुखी प्रतिभा के कारण कई वर्षों से भारत में एक घरेलू नाम रहा है। इसमें डियो के समान 110 सीसी इंजन है, हालांकि ताकत के आंकड़े 7.73 बीएचपी और टॉर्क 8.9 एनएम थोड़े अलग हैं। एक्टिवा की कीमत मानक वैरिएंट के लिए 73,359 और एच-स्मार्ट वैरिएंट के लिए 80,537 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) है, जिसमें कीलेस स्टार्ट फंक्शन का फीचर भी है, जो सबसे महंगे हीरो जूम से थोड़ी अधिक है। हालांकि एक्टिवा एक किफायती और चलाने में मजेदार स्कूटर है, स्टाइलिंग काफी पुरानी दिखती है और कीमत के हिसाब से इसमें कुछ फीचर्स की कमी है।



# UAE के शाही परिवार ने अडाणी समूह के FPO में किया 40 करोड़ डॉलर का निवेश

एजेंसी ■ नई दिल्ली

अरबपति गौतम अडाणी के समूह को अबू धाबी की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा अपनी प्रमुख फर्म की शेयर बिक्री में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 3,260 करोड़ रुपये) के निवेश का सहारा मिला है। इस निवेश से समूह को अपना विश्वास बहाल करने में मदद मिलेगी, जो एक अमेरिकी शॉर्ट सेलर की नुकसान पहुंचाने वाली रिपोर्ट के साथ सामने आने के बाद लगभग 70 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान झेल चुका है।

हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट सामने आने, यानी 24 जनवरी से एक दिन पहले तक 60-वर्षीय गौतम अडाणी दुनिया के तीसरे सबसे रईस शख्स थे। इस रिपोर्ट में कंपनी के कर्ज के स्तर, कथित स्टॉक हेरफेर और अकाउंटिंग धोखाधड़ी को लेकर सवाल खड़े किए गए थे, और इसके बाद गौतम अडाणी रईसों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए, और पिछले साल अप्रैल में जिन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर वह सूची में आगे पहुंचे थे, उनके साथ दौलत का अंतर सिर्फ 4 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। अडाणी समूह ने व्यापारिक समुदाय में विश्वास बहाली के उद्देश्य से रविवार देर रात हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर 413 पन्नों की प्रतिक्रिया जारी की, लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा, और समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयरों की कीमतें गिरती रहीं, और डॉलर बांड भी सोमवार को नए निचले स्तर पर पहुंच गए।अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उसकी रिपोर्ट भारत पर सुनियोजित हमला थी, और कहा किधोखाधड़ीको राष्ट्रवाद से छिपाया नहीं जा सकता।हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट 24 जनवरी को जारी की थी, जब अडाणी एंटरप्राइज़ लिमिटेड का 20,000 करोड़ की फॉलो-ऑन शेयर बिक्री खुली थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंजपर उपलब्ध सूचना के अनुसार, एंकर निवेशकों ने उसी दिन स्त्रक्क्ष में लगभग 6,000 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया था, लेकिन सार्वजनिक सब्सक्रिप्शन के नाम पर इस पेशकश पर सोमवार शाम तक भी सिर्फ तीन फीसदी शेयर ही सब्सक्राइब हुए थे। यह मंगलवार, यानी 31 जनवरी को बंद हो रहा है और इसका खुदरा निवेशकों वाला हिस्सा - जोकि सबसे बड़ा भाग है - बमुश्किल चार फीसदी ही सब्सक्राइब हुआ है। ने कहा है कि वह अडाणी एंटरप्राइजेज़ के फॉलो-ऑन शेयर में लगभग 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, और कहा कि अडाणी समूह के शेयर मूल्यों में गिरावट के बावजूद उन्हें उनके मूल सिद्धांतों में विश्वास है।

**बजट के बाद सोना ऑलटाइम हाई, 700 रुपए की तेजी**

# 58 हजार 689 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचा, चांदी भी 71 हजार के पार

**नई दिल्ली।** बजट के बाद गुरुवार को गोल्ड (सोना) 700 रुपए की तेजी के बाद ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सोना 779 रुपए की तेजी के बाद 58 हजार 689 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले बुधवार को सोना 57 हजार 910 रुपए पर बंद हुआ था। उधर चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में भी आज शानदार तेजी देखने को मिली। सर्राफा बाजार में ये 1,805 रुपए महंगी होकर 71 हजार 250 रुपए प्रति किग्रा पर पहुंच गई है। 1 फरवरी को ये 69 हजार 445 हजार पर थी।



### अब जानिए, बजट के बाद कीमतें क्यों बढ़ी...

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को बजट में सोने और इमिटेशन ज्वेलरी पर सीमा शुल्क 20% से बढ़कर 25%, चांदी पर 7.5% से 15% करने का ऐलान किया था। इसके बाद ही भारतीय बाजार में सोने के दाम बढ़ने लगे। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, केंद्रीय बैंकों की तरफ सोने की खरीदारी बढ़ना सकारात्मक संकेत है। इससे सोने की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। अजय केडिया ने कहा कि 2023 में सोना 64,000 रुपए तक पहुंच सकता है।

### बीते एक साल में 20% महंगा हुआ सोना

आज से एक साल पहले यानी 1 फरवरी 2022 को 48 हजार 8 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब पर 58 हजार 689 रुपए पर पहुंच गया है। यानी बीते 1 साल में इसकी कीमत में 10,681 रुपए (20%) की तेजी आई है।

**मिस्ड कॉल देकर पता लगाएं सोने का रेट:** आप सोना और चांदी का भाव आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा। इसमें आप लेटेस्ट रेट्स चेक कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )